CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 26 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 60 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को लेकर एलआईसी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल** पेज 2



**सिडनी में रोहित का शतक व कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत** खेल टाइम्स



**पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार: जॉन किरियाकू** पेज 11



**अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी** बॉलीवुड

## मेरठ में 35 साल पुराने कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 10 माह बाद की गई कार्रवाई

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित लगभग 35 वर्ष पुराने सेंट्रल मार्केट (व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स) को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपने वर्षों पुराने कारोबार को मिट्टी में मिलते देख फूट-फूटकर रो पड़े। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था तथा पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन के माध्यम से की गई। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 17 दिसम्बर 2024 को आदेश जारी कर सेंट्रल मार्केट स्थित इस आवासीय भूखंड पर बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को तीन माह के भीतर खाली कराने और उसके बाद दो सप्ताह में गिराने का निर्देश दिया था। हालांकि यह कार्रवाई निर्धारित समय से लगभग दस माह बाद पूरी की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कॉम्प्लेक्स के 22 दुकानदारों को गत शुक्रवार रात ही दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया था। यह भूमि वर्ष 1986 में आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन समय के साथ -शेष पृष्ठ दो पर




## डबल इंजन सरकार की 12000 ट्रेनों की व्यवस्था हुई बेपटरी: राहुल

■ कहा: त्योहारी सीजन में ठसाठस भरी ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि रेल मंत्री ने त्योहारी सीजन में 12000 विशेष ट्रेनें चलाने की बात कही थी, लेकिन ठसाठस भरी और अमानवीय सफर ने डबल इंजन सरकार की पोल खोल कर रख दी है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के लोगों के लिए त्योहारी सीजन में घर लौटना, परिवार और गांव से अपनेपन की लालसा का प्रतीक है, लेकिन उनके लिए अपने घर जाना एक बड़ा संघर्ष बन गया है। बिहार जाने वाली हर रेलगाड़ी में क्षमता से दो गुना लोग ठूंस-ठूंस कर भेजे जा रहे हैं। घर जाने की है यह यात्रा एक तरह से अमानवीय यात्रा हो गई है और 12 000 स्पेशल ट्रेन चलाने की डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हो गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि त्योहारों का महीना है-दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्योहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है।

## संक्षिप्त समाचार

### साराभाई वर्सेस साराभाई फेम एक्टर सतीश शाह का निधन



**मुंबई।** साराभाई वर्सेस साराभाई फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। भारतीय फिल्म निर्माता और निर्देशक अशोक पंडित ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि अभिनेता इस दुनिया में नहीं रहे। शनिवार दोपहर किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से न तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और न ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी।

### कुर्नूल बस हादसा: 234 स्मार्ट फोन में ब्लास्ट से भड़की आग, दो गिरफ्तार

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। इधर, कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डाक्टर के सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डाक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रश्रूाांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। डाक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

# रूस ने नाकाम की मोदी की हत्या की साजिश!

## अमेरिकी अधिकारी जैक्सन की रहस्यमयी मौत से जोड़ा जा रहा कनेक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों ने संदेह और बढ़ाया

■ ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में आशंका

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक के बाद एक साथ एक ही कार में सफर करते देखे गए थे। इस तस्वीर पर उस वक्त खूब चर्चा हुई, लेकिन अब इससे जुड़ा हुआ एक बड़ा दावा किया गया है।

दरअसल, इसी दिन बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अमेरिकी विशेष बल के अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी स्थिति में मौत हुई थी। इस मौत ने कई अटकलों को जन्म दिया है। अमेरिका और उसकी खुफिया शाखा, सीआईए दुनिया भर में अपने कुख्यात कृत्यों के लिए जानी जाती है। ये माना जा रहा है कि बांग्लादेश और नेपाल में हाल ही में हुई शासन अस्थिरता तक, यह एक खुला रहस्य है कि दक्षिण एशिया में राजनीतिक नाटक के पीछे वास्तव में सीआईए का गुप्त हाथ है। टेरेंस अर्वेल जैक्सन नाम के एक अमेरिकी विशेष बल अधिकारी 31 अगस्त 2025 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक होटल में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में कोई बाहरी चोट नहीं मिली और मौत को प्राकृतिक बताया गया। खास बात ये है कि शव का पोस्टमार्टम किए बिना ही अमेरिकी दूतावास को सौंप दिया गया। जैक्सन अमेरिकी सेना की प्रथम विशेष बल कमान (एयरबोर्न) इकाई से जुड़े थे और पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में मौजूद थे। बताया गया कि वह किसी बिजनेस ट्रिप पर थे, पर उनके असली उद्देश्य पर सवाल उठे हैं। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी विशेष बल अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी मौत की ताजा घटना ने दक्षिण एशिया, खासकर भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों को लेकर संदेह और बढ़ा दिया है। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी की मौत ने इस आशंका को और बल दिया है कि क्या अमेरिकी अधिकारी को भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करे पाकिस्तान

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पड़ोसी देश को लताड़ा

■ भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने पीओके का मुद्दा जोर-शोर से उठाया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की मुद्दा जोर-शोर से उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करना चाहिए, खासकर जम्मू-कश्मीर के इलाकों में।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बीते दिनों ही पीओके में बुनियादी मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिन्हें पाकिस्तान की सेना ने बेरहमी से कुचला था और इस दौरान कई लोगों की जान गई थी। भारतीय राजदूत पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 80वें यूएन दिवस के अवसर पर हुई खुली बहस के दौरान अपने बयान में कहा कि हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में जारी मानवाधिकार उल्लंघन को बंद करे। वहां जनता पाकिस्तानी सेना के कब्जे, शोषण, निर्दयता और प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुलकर विद्रोह कर रही है। पी. हरीश ने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

## पाक ने मध्य-दक्षिणी एयरस्पेस बंद किया, उड़ानों पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र को 28 और 29 अक्टूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटाम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेंगे और उड़ानों पर रोक रहेगी।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं। यह अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा। जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में जाइंट एक्सरसाइज करेंगे। एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवम्बर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कामर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात दौरे के दौरान सर क्रीक सीमा विवाद की चर्चा की थी इसके जरिए पश्चिमी एयर कॉरिडोर में उड़ानों के लिए चेतावनी दी गई है। इस दौरान कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए इस एरिया के रूट में बदलाव हो सकता है। हाल ही में पश्चिमी सीमा पर हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। इसलिए इस एक्सरसाइज में विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिंसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी।

**पाकिस्तान की कार्रवाई को भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देखा जा रहा**

**सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल सर क्रीक के पास, पाक सीमा से सटे इलाके में आयोजित होगा**

### पक्षी से टकराया एयर इंडिया का विमान

**नागपुर।** एयर इंडिया की नागपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान एआई-466 एक पक्षी से टकरा गई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर विमान को मान संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत नागपुर हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया गया।

## दिल्ली में AQI लेवल 400 पार

### अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े, दिवाली के बाद से दिल्ली-NCR में प्रदूषण बढ़ रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ डाक्टर्स की सलाह- मास्क लगाकर निकलें

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है।

कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। डाक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। आईएमडी का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इधर, हिमाचल के लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मैदानी राज्यों में से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार सुबह यूपी के वाराणसी में गंगा के घाटों के पास धुंध की मोटी परत छाई रही। दबाव के कारण तमिलनाडु के कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों, पुड्डुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वह अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के बाद उद्घाटन की तारीख पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन हो सकता है। एयरपोर्ट के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। शुरुआत में सालाना 50 लाख यात्री आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है, जिसमें सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश में 54 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसान पंजीकरण अभियान जोरशोर से जारी है और अब तक करीब 54 प्रतिशत किसानो की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अगले साल एक अप्रैल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त सिर्फ पंजीकृत किसानो को मिलेगी। इसलिए सरकार राज्य के किसानो का पंजीकरण करा रही है। पंजीकरण अभियान में सीतापुर अब तक पहले स्थान पर है, जहां 74 प्रतिशत किसान पंजीकृत हो चुके है वहीं बस्ती दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

# हमारे लोगों ने ही विश्वासघात किया: उमर

## भाजपा के राज्यसभा की सीट जीतने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यसभा चुनावों में 'क्लीन स्वीप' का लक्ष्य रखा था लेकिन अंतिम चरण में 'कुछ लोगों ने विश्वासघात' किया जिसके कारण 3-1 का परिणाम आया।

अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि किसी को 3-1 की शिकायत नहीं करनी चाहिए। हमने 4-0 के लिए पूरी कोशिश की। जैसा कि मैंने अपने ट्विटर पोस्ट में भी कहा था, अंतिम चरण में कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।लगभग सभी उन लोगों के नाम जानते हैं जिन्होंने हमें धोखा दिया। उन्हें यहां दोहराना जरूरी नहीं है, लेकिन यह अफसोस की बात है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस को चार राज्यसभा सीटों में से एक पर जीत हासिल करके चौंका दिया। उसे 32 वोट मिले, जो विधानसभा में उसकी 28 सदस्यीय विधानसभा संख्या से चार ज्यादा है। नेशनल कांफ्रेंस ने बाकी तीन सीटें जीतीं।

### जनता के जनादेश की जीत: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत को जनता की जीत करार देते हुए कहा है कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी समन्वय ही नेशनल कॉन्फ्रेंस की असली ताकत है। डा. अब्दुल्ला राज्यसभा चुनाव जीतने वाले पार्टी नेताओं एडवोकेट चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद कुचलो और सरदार शम्मी ओबराय के सम्मान में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# सम्भल में फिर शुरू हुई पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

## भगवान कल्कि की नगरी के रूप में 46 वर्ष बाद पुन: जगमगा उठा नगर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/सम्भल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सम्भल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान 'भगवान कल्कि की नगरी' के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि दो बजे सम्भल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ।

शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुन: आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा 2024 में सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुन: वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं। 1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं मंदिरों पर कब्जे हुए और धर्मिक आयोजनों पर रोक लग गई, मगर 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। योगी ने सम्भल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया। योगी सरकार ने सम्भल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई।

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट से एलआईसी पर उठा सवाल

# अडाणी ग्रुप में 33 हजार करोड़ निवेश का दावा

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस बोली- कस्टमर्स की कमाई फायदा पहुंचाने में लगाई अडाणी पर दो हजार करोड़ रिश्वत का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जमा पॉलिसीधारकों के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए नियमों में बदलाव किया है और गलत तरीका अपनाकर उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मीडिया में हाल ही में कुछ परेशान करने वाले खुलासे सामने आए हैं कि किस तरह सरकार ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक दस्तावेज के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने गत मई में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया, जिसके तहत एलआईसी की लगभग 34,000 करोड़ रुपए की धनराशि को अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'अडानी समूह में विश्वास का संकेत देना' और 'अन्य निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना' था। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने किसके दबाव में यह तय किया कि उनका काम गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एक निजी कंपनी को बचाना है। उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एलआईसी को निवेश करने के निर्देश देने का अधिकार किसने दिया। रमेश ने उद्योगपति अडानी को लेकर विस्तार से बताया कि जब 21 सितम्बर 2024 को गौतम अडानी और उनके सात सहयोगियों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए, तो केवल चार घंटे की ट्रेडिंग में ही एलआईसी को 920 अरब डॉलर यानी 7,850 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ। अडानी पर भारत में महंगे सौर ऊर्जा ठेके हासिल करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए यानी की रिश्वत योजना बनाने का आरोप है। मोदी सरकार लगभग एक साल से पीएम मोदी के इस करीबी मित्र को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का समन आगे बढ़ाने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले।

### एलआईसी ने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि जीवन बीमा कंपनी ने बाहरी दबाव में अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का रोडमैप तैयार किया है। एलआईसी ने अपने बयान में कहा है कि ये आरोप 'झूठे, निराधार और सच्चाई से परे' हैं। जीवन बीमा कंपनी ने कभी इस तरह का कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया है, जिसमें अडानी समूह में निवेश का रोडमैप बनाया गया हो। एलआईसी के निवेश के फैसले पूरी स्वायत्तता के साथ उसके निदेशकमंडल की मंजूरी से किए जाते हैं।

# आगरा में कार ने आठ को रौंदा, पांच मरे, सात घायल

आगरा, वार्ता

■ मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भी शामिल हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था

उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के न्यू आगरा क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नगला बूढ़ी के पास बेकाबू कार ने सड़क किनारे आठ लोगों को रौंद दिया जिसमें से एक महिला बबली समेत पांच की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हो गए।

मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भानु प्रताप भी शामिल है। हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को जब्त कर लिया है। सभी मृतकों के शवों के पुलिस ने पोस्टमॉर्टम भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत ज्यादा तेज थी। कार ने पहले डिवाइडर को टक्कर मारी उसके बाद कई लोगों को रौंदते हुए फिर से डिवाइडर से टकरा गई और कार रुक गई। बेकाबू कार ने पहले डिलीवरी बॉय भानु प्रताप को रौंदा उसके बाद एक वृद्ध की मौत में शोक व्यक्त करने के लिए कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे और कार ने उनको भी रौंद दिया।

हिट एंड रन केस में मौके पर सात लोग घायल हुए हैं जिनको सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डिलीवरी बॉय भानु प्रताप, एक महिला बबली इसके अलावा कमल, कृष्णा और बंटेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल राहुल और गोलू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार चलाते वक्त चालक नशे में था।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 154900
प्रति किलो



# मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के बाद शेयर बाजार में तेजी

न्यूयॉर्क, वार्ता



अमेरिका में सितम्बर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01 प्रतिशत बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15 प्रतिशत बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमश: 1.58 प्रतिशत और 1.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमश: 1.01 प्रतिशत और 0.61 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने के कारण विलंबित हुई सितम्बर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 प्रतिशत और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई पिछले महीने 0.2 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में तीन प्रतिशत बढ़ा, जो 0.3 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत के पूर्वानुमानों से भी कम है। सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।


गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है। कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

## मांग व आपूर्ति से सोना और चांदी के दाम फिसले

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी दोनों के दाम नीचे आए हैं। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना घटकर 1,24,510 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,140 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। देश के अन्य बड़े शहरों में भी इसी तरह की गिरावट देखने को मिल रही है।

चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई है। देशभर में चांदी का भाव घटकर 1,54,900 प्रति किलोग्राम पर आ गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर व्यापारिक तनाव में कमी का असर सोने की कीमतों पर पड़ा है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरैट सोने का भाव 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि मुंबई में 1,24,360, अहमदाबाद में 1,24,410 , चेन्नई में 1,24,360 , कोलकाता में 1,24,360, जयपुर में 1,24,510 और लखनऊ में 1,24,510 रुपये है। भारत में गोल्ड और सिल्वर के रेट इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा तय किए जाते हैं।

# चावल, चीनी-मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के दाम गत दिवस के स्तर पर ही रहे। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए बढ़कर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 13 रुपए की तेजी के साथ 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 144 रुपए और सोया तेल की 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं सरसों तेल की कीमत 129 रुपए और वनस्पति की 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 63 रुपए और पाम ऑयल 43 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल.दलहनों में चना दाल 26 रुपए और तुअर दाल 54 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 32 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल 13 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल की कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.70 रुपए और चावल 3863.88 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ में...** यहां अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण होता गया। आवास विकास परिषद ने वर्ष 1990 में नोटिस जारी करके इसे गिराने का आदेश दिया था, परंतु लम्बी कानूनी प्रक्रिया के चलते कार्रवाई वर्षों तक टलती रही। आखिरकार शनिवार को इस कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानों से सामान नहीं हटाया था। मेरठ के सामाजिक कार्यकर्ता एवं याचिकाकर्ता लोकेश खुराना ने न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय ने गृह सचिव, आवास आयुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आवास विकास परिषद के अधिकारियों तथा नौ व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित है, जबकि 25 अक्टूबर को न्यायालय के आदेशानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी कर ली गई।

**रूस ने...** इरादे से ढाका में तैनात किया गया था। विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की योजना और कोशिश की गई होगी। हालांकि, भारत और रूस की खुफिया इकाइयों के संयुक्त अभियान ने इसे नाकाम कर दिया। ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में लिखा गया है कि एक विश्लेषण के अनुसार, भारत और रूसी खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान में इस साजिश को विफल कर दिया। ये भी संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने तियानजिन में कार के अंदर 45 मिनट तक चली अपनी बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की हो। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के एक और बयान ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। जब चीन के तियानजिन से लौटने के ठीक अगले दिन, 2 सितम्बर को, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने सभी से पूछा क्या आप इसलिए ताली बजा रहे हैं, क्योंकि मैं चीन गया था या इसलिए बजा रहे हैं क्योंकि मैं वापस आ गया हूं? कयास लगाए जा रहे हैं कि, प्रधानमंत्री मोदी की ये टिप्पणी एक गंभीर संदेश देती हैं।

## महबूबा मुफ्ती ने जेलों से बाहर कैदियों की वापसी की मांग की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर कर राज्य के उन सभी विचाराधीन कैदियों की तत्काल वापसी की मांग की है, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बाहर विभिन्न जेलों में बंद हैं। सुश्री मुफ्ती ने दायर याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे सभी कैदियों को जम्मू-कश्मीर की स्थानीय जेलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया जाए, जब तक कि संबंधित अधिकारी किसी विशिष्ट मामले में लिखित कारण प्रस्तुत करके यह साबित न कर दें कि उन्हें बाहर रखा जाना आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी मामलों की अदालत द्वारा हर तीन महीने में समीक्षा की जानी चाहिए।

# लखनऊ में हत्यारोपी को छोड़ने पर बवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भीड़ के पथराव से 10 पुलिसकर्मी घायल लाठीचार्ज

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में सफाईकर्मी की संदिग्ध मौत के बाद आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़ने पर आक्रोशित भीड़ ने थाने पर धावा बोल दिया, पथराव और मारपीट में 10 जवान घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार एक सफाईकर्मी की मौत के मामले में आरोपी को हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जैसे ही लोगों को इस बात की जानकारी मिली, तो गुस्साई भीड़ ने थाने को घेर लिया और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, पथराव किया, जिससे करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, भीड़ को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूत्रों के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दिन एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मौत के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था, लेकिन जांच के दौरान उसे छोड़ दिया गया। इसी बात से नाराज स्थानीय निवासियों और मृतक के परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, भीड़ ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिसकर्मियों ने समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। धीरे-धीरे कहासुनी शुरू हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया । गुस्साई भीड़, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, ने पुलिसवालों पर हमला बोल दिया।

महिलाओं ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों को थप्पड़ मारे, लात-घूंसे चलाए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भीड़ अनियंत्रित हो गई थी। पथराव शुरू हो गया और पुलिस की गाड़ियों पर हमला किया गया। भीड़ के हमले में थाने के एसएचओ सहित करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ जवान गंभीर रूप से चोटिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मामला शांत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रक्षामंत्री राजनाथ से मिले सैनिक कल्याण मंत्री जोशी

## पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए अनुदान की राशि बढ़ाए जाने पर आभार जताया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखण्ड के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को नई दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखण्ड राज्य में सैनिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और चल रहे कार्यों की जानकारी दी तथा पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों के हित में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य में



निर्माणाधीन सैन्यधाम परियोजना की प्रगति की जानकारी भी रक्षा मंत्री को दी। दीपावली से पहले केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को दी गयी सौगात को लेकर भी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने निराश्रयता अनुदान को 4,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये, शिक्षा अनुदान को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये तथा विवाह अनुदान को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और रक्षा मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड वीर भूमि है, यहाँ के युवाओं का राष्ट्र रक्षा में योगदान गौरव की बात है। राज्य सरकार सैनिकों और शहीद परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रही है।

# गढ़वाल विवि में खुलेगा आपदा प्रबंधन अध्ययन केंद्रः डा. रावत

## गढ़वाल विवि के भूगोल विभाग में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा भारतीय भूगोलवेत्ताओं के संस्थान (आईआईजी) का 46वाँ वार्षिक अधिवेशन एवं डायनेमिक अर्थ, फैजाइल एनवायरनमेंट एंड पाथ टू क्लाइमट रिज़िलिएँट सोसायटी विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शनिवार को शुभारंभ हुआ। अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से पहुंचे विषय विशेषज्ञ ने प्रतिभाग किया। गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत एवं पर्यावरणविद् पद्मश्री डा. अनिल जोशी ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डा. धन लसह रावत ने कहा कि आज के समय में पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक गंभीर विषय बनता जा रहा है, जिसको लेकर वैज्ञानिकों को गंभीरता से सोचना होगा और इस दिशा में कार्य करना होगा। कहा कि गढ़वाल विवि में जल्द ही आपदा प्रबंधन अध्ययन केंद्र खोला जायेगा। जिससे यहां के शोध छात्र-छात्राएं आपदा से सम्बंधित शोध कार्य कर पायेंगे और उत्तराखंड की भौगोलिक पारिस्थितिकी को आसानी से समझ पायेंगे। कहा कि गढ़वाल विवि की ओर से जीएसआई लैब का प्रस्ताव मिलने के बाद वह जल्द केंद्रीय साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्री जितेंद्र प्रसाद को इसका प्रस्ताव सौपेंगे। कार्यशाला में पद्मश्री डा. पर्यावरणविद् अनिल जोशी ने कहा कि विकास को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन विकास की इस होड़ में हमनें अपने



घर बार बनाने के लिए दूसरों के घर छीने है। जिससे हमारा पारस्थितिकी तंत्र तहस-नहस हुआ है। उन्होंने कहा की लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। जिसका खामियाजा हिमालयी क्षेत्रों को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन वो दिन अब दूर नहीं है जब इसकी मार मैदानी क्षेत्रों तक पड़ेगी। इसलिए अभी भी चेतने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि कुलपति के प्रतिनिधि प्रो. एनएस पंवार आईआईजी का यह सम्मेलन हिमालय को बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए सबकी सहभागिता अति आवश्यक है। वहीं इस दौरान भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी के संयोजक प्रो. एमएस पंवार ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी के सह-संयोजक प्रो. एमएस नेगी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होने गढ़वाल विवि को एम्बुलेंस भेंट करने और विवि में आपदा प्रबंधन केंद्र व जीएसआग्र लैब खोलने की घोषणा करने पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया। वहीं इस दौरान आईआईजी की अध्यक्ष प्रो. डीके नायक, महासचिव प्रो. रविंद्र जय भाई, डीन, स्कूल ऑफ अर्थ साइंस प्रो. एचसी नैनवाल, चौरास परिसर के निदेशक प्रो. आरएस नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, संगोष्ठी के सचिव डा. राकेश सैनी, आईआईजी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सच्चिदानंद सिन्हा, वित्त अधिकारी डा. संजय ध्यानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई, हैप्रेक निदेशक डा. विजयकांत पुरोहित, जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

# पटेल की जयंती अभियान में आम जन से संवाद करेगी भाजपाः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा सरदार/150 अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर पदयात्राओं के माध्यम से जनता से जुड़ने जा रही है। महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने विधायकों समेत सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्टी के आगामी कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रुप देने के लिए आज विधायकों, महापौर, प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि 31 अक्टूबर से प्रारंभ भारत रत्न स्वर्गीय बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समेत राज्य स्थापना रजत जयंती, मन की बात और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रमों में व्यापक जनसहभागिता पर जोर दिया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल द्वारा सरदार/150 अभियान और प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने अभियान से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की बारीक जानकारी देते हुए, अभियान को बूथ स्तर ले जाने का आग्रह किया। बैठक में विधायक राम सिंह खेड़ा, बृजभूषण गैरोला, सहदेव पुंडीर, राजकुमार पोरी, उमेश शर्मा, भरत चौधरी, आशा नौटियाल शक्तिलाल शाह, विनोद कंडारी, दिलीप महंत, सुरेश गाड़िया, प्रमोद नैनवाल समेत अनेक विधायक शामिल हुए। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष स्वराज विद्वान, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, मधु भट्ट, सुभाष बड़थ्वाल समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, मोर्चों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

**कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने दी कार्यक्रमों की जानकारी**

बैठक में सरकार की तरु से सरदार पटेल जयंती अभियान का नेतृत्व करने वाली कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने विस्तृत रूप से कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया 31 अक्टूबर को जयंती के अवसर पर विधानसभा स्तर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ आयोजित की जाएगी। जिसके बाद 1 से 25 नवंबर तक प्रत्येक विधानसभा में 8 से 10 किलोमीटर की अलग अलग पदयात्राएं संचालित की जाएंगी। जिनका नेतृत्व सांसद, विधायक, सरकार में दायित्वधारी प्रमुख रूप से करेंगे। इसके अतिरिक्त सरदार/150 विषय आधारित क्विज, स्लोगन प्रतियोगिता, विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

# सांसद आदर्श योजना के लिए सहसपुर ब्लाक के हरियावाला गांव का चयन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने इस वर्ष की योजना मे नय सांसद आदर्श ग्राम चयन किया है। इसके लिए देहरादून के सहसपुर ब्लाक के हरीयावाला कलां गांव का चयन किया गया है। डा. नरेश बंसल ने अपने नोडल जिले देहरादून के सहसपुर ब्लाक के हरियावाला कलां गांव का चयन किया है, जिसे बतौर सांसद गोद लेकर इस गांव के विकास की रूपरेखा तय करने के लिए आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता मिलन कर समस्या जानने के लिए शनिवार को डा. नरेश बंसल सभी संबंधित अधिकारियों के साथ गांव हरियावाला पहुंचे व उपस्थित जनप्रतिनिधिगण व गांव के निवासियों से समस्याएं जानी व विकास के लिए सुझाव मांगे जिसके तहत गाँव के विकास का प्लान अधिकारीगण के साथ बैठक में तय किया जाएगा। इससे




ग्राम व्यवस्था को भी सशक्त किया जा सकेगा। डा. नरेश बंसल ने समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि इस ग्राम पंचायत की कार्य योजना डीआरडीए में उपस्थित होकर पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद गांव को समग्र योजना से आच्छादित करने के अभियान में जुटेंगे। इस कार्य मे किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मूल रूप से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है। बैठक में विधायक सहदेव पुंडीर, सीडीओ अभिनव शाह, पीडी विक्रम, जिला पंचायत सदस्य कंचन देवी, ग्राम प्रधान रजनी देवी, प्रधान कंडोली कोमल देवी, धीरज गुलेरिया कनिष्ठ प्रमुख, पूर्व प्रधान आशीष नेगी, मेघ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस असंवेदनशीलः भगत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चौखुटिया में जनता के इलाज के लिए अस्पताल और डॉक्टरों की तैनाती पर कांग्रेस मे चल रही गुटबाजी को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इससे आखिरकर जनता को ही नुकसान हो रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि जनता डाक्टर मांग रही थी और सरकार ने डाक्टर दे दिया, लेकिन विपक्ष को इससे भी परेशानी हो गई। लोग अल्मोड़ा ज़िले के चौखुटिया क्षेत्र में 24 दिन से लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर और सुविधाओं को लेकर आंदोलन कर रहे थे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता की आवाज़ सुनी और सिर्फ़ 24 घंटे के भीतर बड़ा फैसला ले लिया। सीएचसी को उप-जिला चिकित्सालय घोषित किया गया और डाक्टरों की तैनाती के आदेश भी जारी हुए। अल्मोड़ा जिला अस्पताल से डा. मनीष पंत और डा. कृतिका भंडारी को चौखुटिया भेजने के आदेश जारी हुए। लेकिन मुद्दे का हल न हो तो कांग्रेस को बेचौनी होने लगी। कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण में ऐसा शोर मचाया कि स्वास्थ्य विभाग को आदेश वापस लेने पड़े। अब यह वही कांग्रेस है जो खुद को जनता की आवाज़ बताती है। लेकिन जब जनता की आवाज़ सरकार ने सुन ली, तो इन्हें दर्द हो गया। दरअसल, डा. कृतिका भंडारी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की नातिन हैं और डा. मनीष पंत, विधायक मनोज तिवारी के करीबी हैं। शनिवार को मनोज तिवारी करीब 200 समर्थकों के साथ सीएमओ ऑफिस पहुंच गए और घेराव किया। उन्होंने ऑफिस को ही ‘राजनीतिक वार्ड’ बना दिया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल आर्य के सवालों को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि इस सवाल का जवाब उन्हे देना चाहिए कि जब डाक्टर चाहिए ही नहीं थे तो अस्पताल और डाक्टर को लेकर मुद्दा क्यों बनाया। उन्होंने इसे ़ैमिली डाक्टर पॉलिटिक्स करार देते हुए कहा कि जिन डा. कृतिका भंडारी का ट्रांसफर हुआ था, उन्हें अचानक पैर में चोट लग जाती है और वो 15 दिन की मेडिकल लीव मांग लेती हैं। लेकिन छुट्टी का सर्टिफिकेट देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल से आता है। अब ये तो खुद मेडिकल मिस्ट्री बन गई कि जो डाक्टर ड्यूटी पर थीं ही नहीं, वो छुट्टी किससे ले रही हैं?

## राइंका पलेठी बनगढ़ ने जीती क्विज प्रतियोगिता

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज पलेठी डोबलियालों में विकासखण्ड स्तरीय स्व. मुरलीधर उनियाल स्मृति सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता-2025 आयोजित की गई। प्रत्येक वर्ष की भांति राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्व. मुरलीधर उनियाल की स्मृति में आयोजित की जाने वाली क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विभिन्न विद्यालयों की कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में राइंका पलेठी बनगढ़, राइंका पलेठी डोबल्यों, राइंका ललूड़ीखाल ने कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संयोजक अमित काला, ग्राम सभा प्रधान सूरत सिंह डोबलियाल, पीटीए अध्यक्ष गोविन्द सिंह रावत, दयासागर उनियाल, मनमोहन भट्ट, जीतेन्द्र सिंह बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

## बैकुंठ चतुर्दशी मेला श्रीनगर की सांस्कृतिक पहचानः डा. रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** चार नवम्बर से शुरू होने जा रहे बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियों को लेकर कैबिनेट मंत्री, श्रीनगर विधायक डा. धन सिंह रावत ने शनिवार को नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने महापौर द्वारा प्रस्तुत मेले की तैयारियों की रूपरेखा को अंतरिम स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेले को भव्य, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला श्रीनगर की सांस्कृतिक पहचान है, जो कि नगर निगम के तत्वाधान में पहली बार आयोजित होने जा रहा है। कहा कि सभी विभाग समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित करें कि यह आयोजन प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में श्रीनगर की पहचान को सशक्त बनाए। बैठक के दौरान मंत्री ने ट्रैफिक प्लान, स्टार नाइट, कलश यात्रा और महिला सुरक्षा की तैयारियों को लेकर पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को मेले में लगाए जाने वाले झूलों और अन्य संरचनाओं का सेफ्टी ऑडिट करने, स्वास्थ्य विभाग को मेले में स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जल संस्थान को तीन स्टैंड पोस्ट व टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था करने और विद्युत विभाग को गढ़वाल विश्वविद्यालय से मंदिर गेट तक लाइटिंग व्यवस्था व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं परिवहन विभाग को कीर्तिनगर, श्रीकोट और धारीदेवी से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लोकल वाहनों की आवाजाही बढ़ाने को निर्देशित भी किया।मंत्री ने कहा कि श्रीनगर शहर की परिवहन असुविधा को दूर करने के लिए तीन माह के भीतर पांच ई-रिक्शा और दो नगर बसें उपलब्ध कराम्र जाएंगी। मंत्री ने श्रीनगर बाजार को आकर्षक बनाने के लिए विशेष लाइलटग और सजावट की कार्ययोजना तैयार करने को कहा। इस दौरान पहाड़ी परिधानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहाड़ी फैशन शो को प्रतियोगिता में शामिल करने की मंत्री ने सराहना की। बताया कि महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता को शामिल किया जाना मेले की भव्यता और व्यापकता को बढ़ाएगा। कहा कि प्रतियोगिता आयोजन के लिए रामलीला मैदान को स्थल के रूप में निर्धारित किया जाए। बैठक में महापौर नगर निगम श्रीनगर आरती भंडारी, नगर आयुक्त नूपुर वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल नेगी, खण्ड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत, पार्षद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला पर पत्थर से हमला करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने महिला पर पत्थर से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि बीते दिवस 108 सेवा के माध्यम से प्राप्त हुई कि एक महिला के सिर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर से हमला किया गया है। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। बताया कि सूचना प्राप्त होते ही चौकी कलियासौड़ से पुलिस बल तत्काल मौके पर रवाना हुआ और आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। बताया कि परिजनों के ओर मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह (32) पुत्र सुरेन्द्र सिंह, ग्राम पोखरी, खिर्सू श्रीनगर, को डुंगरीपंथ से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट, महिला उपनिरीक्षक भावना भट्ट, अपर उपनिरीक्षक संजय पुंडीर, हाकम सिंह शामिल थे।

# उत्तरांचल ग्रामीण बैंक ने 35.50 व सेंट जोसेफ ने आपदा राहत में दिए 10 लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय




में उत्तरांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इस दौरान बैंक प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड में आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए रुपये 35,49,371 की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा समाज के सभी वर्गों द्वारा किया गया सहयोग अत्यंत सराहनीय है और इससे पीड़ितों को राहत प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन हरिहर पटनायक, राजीव प्रकाश, भारती नौडियाल, हरीश कण्डारी, महिपाल डसीला मौजूद रहे। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सेंट जोसेफ अकादमी, देहरादून के स्कूल प्रबंधन ने मुलाकात कर आपदा पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सेंट जोसेफ अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावितों की सहायता एवं पुनर्निर्माण कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक आपदा प्रभावित व्यक्ति के साथ खड़ी है। इस अवसर पर ब्रदर जोसेफ एम. जोसेफ, ब्रदर एस्टिनस कुजूर, एसके नैथानी, सचिन अग्रवाल, भवनेश नेगी रहे।

## 110 वें दिन भी जारी रहा धरना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटद्वार।** एलयूसीसी के धोखाधड़ी से शिकार हुए पीड़ितों ने तहसील कोटद्वार में 110 वें दिन अपना धरना जारी रखा। पीड़ितों ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। पीड़ितों ने कंपनी संचालकों और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा कि हमारे निवेशक अपने पैसे के लिए हम पर दबाव बना रहे हैं और हम उनका पैसे कहा से दे। इस कारण हमारी मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। धरने पर बैठने वाले संदीप रावत, बीरेन्द्र रावत, सुरेन्द्र सिंह, बिजेंद्र रावत, हरेंद्र रावत, जयपाल रावत, ममता रावत, पूजा, आरती, शिवानी नेगी आदि रहे।

# साहित्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिबिंबः राज्यपाल गुरमीत सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने शनिवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में ‘वैली ऑफ वर्ड्स’ इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस फेस्टिवल में देश-विदेश के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक, कलाकार एवं विचारक भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न सत्रों में अपने विचार और अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर आधारित भावपूर्ण शब्द वाणी प्रस्तुति से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन संवाद, विचार और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि ‘वैली ऑफ वर्ड्स’ के माध्यम से उत्तराखण्ड की समृद्ध कला, संस्कृति और साहित्य को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिल रही है। राज्यपाल ने कहा कि हाल के वर्षों में देहरादून में साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों में वृद्धि हुई है, जिससे प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए उपयोगी चर्चा सत्र और साहित्यिक गतिविधियाँ उपलब्ध कराना आयोजकों की दूरदर्शिता और रचनात्मकता का परिचायक है।

राज्यपाल ने कहा कि साहित्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिबिंब है, जो राष्ट्र और समाज के चिंतन को दिशा देता है। आज आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों और युवाओं में साहित्य और कला के प्रति सजगता, संवेदनशीलता और सृजनशीलता का वातावरण विकसित करें। उन्होंने कहा कि साहित्य के माध्यम से हमारी राष्ट्रीय विरासत, इतिहास और संस्कृति को उजागर करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान ‘वैली ऑफ वर्ड्स’ के निदेशक डा. संजीव चोपड़ा ने फेस्टिवल की रूपरेखा और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद तरूण बंसल, हेमकुण्ड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा, पीजेएस पन्नू, डा. राजेन्द्र डोभाल, केबीएस सिद्धू, अनूप नौटियाल सहित फेस्टिवल में आए अनेक लेखक, कवि, चिंतक साहित्य प्रेमी भी उपस्थित रहे।

# अनदेखीः दरबार साहिब की जमीन पर कब्जा

## विभागीय लापरवाहीः लिखित शिकायत देने के बाद भी एमडीडीए नहीं कर रहा कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण और ज़िला प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए श्री गुरु राम राय दरबार साहिब प्रबंधन ने ग्राम देहराखास स्थित अपनी 600 वर्गफीट भूमि पर हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। प्रबंधन का आरोप है कि अवैध कब्जा हटाने के लिए मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण को पत्र दिए जाने और आवश्यक प्रलेख उपलब्ध कराए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कमलजीत कौर पत्नी राजवीर सिंह ने ग्राम देहराखास (खाता संख्या 00637), खसरा संख्या 294 क मि पर लगभग 600 वर्गफीट (15 गुणा 40) क्षेत्र पर अवैध निर्माण किया हुआ है। यह भूमि दरबार श्री गुरु राम राय झंडा साहिब देहरादून की है। भूमि अभिलेख (भूलेख/खतौनी) में भी दरबार साहिब का उल्लेख है। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब के व्यवस्थापक ने मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/सचिव को पांच जुलाई को एक पत्र लिखकर इस अवैध निर्माण को हटाने का निवेदन किया था कि ग्राम देहराखास के खसरा संख्या 294 क मि क्षेत्रफल 600 वर्गफीट भूमि से अवैध निर्माण को हटाने के संबंध में। इससे पूर्व भी 16 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज कराई गई थी। स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत करने पर मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण ने 11 जून 2024 को अवैध कब्जाधारक का चालान भी किया था। इसके बावजूद, अब तक मौके पर कोई ध्वस्तीकरण कार्यवाही नहीं की गई है। स्थानीय शिकायतकर्ताओं (राजकुमार छाबड़ा, मीनाक्षी कश्यप, अमरजीत कोहली) का कहना है कि मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, विशेष रूप से कनिष्ठ अभियंता ने खसरा संख्या मांगे जाने के बावजूद कार्यवाही नहीं की, जिससे न केवल अवैध कब्जा बरकरार है, बल्कि कब्जाधारियों ने अब तिरपाल लगाकर आगे की भूमि पर भी अतिक्रमण का विस्तार कर रही है। यह प्रकरण धार्मिक संस्था की भूमि पर अवैध कब्जा और नियामक संस्था की लचर कार्यप्रणाली का एक ज्वलंत उदाहरण बन गया है। दरबार श्री गुरु राम राय जी के महंत देवेंद्र दास महाराज जी ने बताया कि श्री दरबार साहिब जी की ओर से देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप में श्री दरबार साहिब जी की जमीन पर कब्जा किए जाने की जानकारी दी गई लेकिन लगता है कि एमडीडीए के कुछ कर्मचारी श्री दरबार साहिब जी की जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त करने के प्रयास नहीं कर रहे हैं। वही दरबार श्री गुरु राम राय के अधहस्ताक्षरित विजय नौटियाल ने ने बताया कि वह इस संबंध में कई बार देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और जैसे इस संबंध में वार्ताकार कार्रवाई करने के लिए मिल चुके हैं लेकिन मात्र खाना पूर्ति कर एमडीए की ओर से अन्य कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे श्री दरबार साहिब की जमीन को मुक्त कराया जा सके उन्होंने बताया कि अगर एचडीडी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वर्तक कर उत्तराखंड में कार्रवाई करने के लिए कहेंगे नहीं तो उन्हें मजबूरन माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

# 90 गांवों की पेयजल आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के हिसरियाखाल, पाटाखाल एवं अकरी पट्टी के 90 से अधिक गांवों को पेयजल आपूर्ति करने वाली लक्षमोली-हडिमधार पंपिंग योजना से आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीण भारी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में खासा रोष बना हुआ है। वहीं शादी-विवाह के सीजन में पेयजल की समस्या होने से ग्रामीणों ने सरकार व विभाग के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जब भी पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है योजना ठप पड़ जाती है। ग्राम प्रधाान लक्षमोली सुरेश नेगी, जाबर के रविंद्र, मोहन सिंह, उर्मी गांव के पूर्व प्रधाान प्रदीप कठैत ने कहा कि बीते एक सप्ताह के अधिाक समय से लक्षमोली-हडिमधार पंलपग योजना से आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। जिससे ग्रामीणों को समस्याओं के सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के लिए लोगों को नदी और स्टेंड पोस्ट का साहरा लेना पड़ रहा है। बताया कि पेयजल की सबसे ज्यादा समस्या उर्मी, जखेड, जाबर, गोंनी, गुरछोली, डडुवा और भंडाली के ग्रामीणों हो रही है। बताया कि पेयजल उपलब्धा न होने के कारण अब हैंडपंप भी जवाब देने लगे है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दरबदर भटकना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति न होने के कारण लोगों के शादी-विवाह के काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के लोग पूरी तरह से पेयजल आपूर्ति के लिए इस योजना पर निर्भर हैं लेकिन जल संस्थान के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें भटकना पड़ रहा है। ग्राम प्रधाान लक्षमोली सुरेश नेगी ने बताया कि पेयजल समस्या को कई बार अधिाकारियों के सम्मुख रखा गया, बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई और न ही पेयजल से सम्बंधित व्यवस्था की गई। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जल संस्थान देवप्रयाग के अधिाशासी अभियंता नरेश पाल ने बताया कि अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने से लक्षमोली-हडिमधार पेयजल योजना के मुख्य टैंक पर सिलट भर गयी थी। जिसको साफ करने का कार्य किया जा रहा है। एक-दो दिनों के भीतर पेयजल योजना का सुचारू कर दिया जायेगा।

# रजत जयंती के लिए डटा प्रशासन

## राज्य स्थापना दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** 9 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती के रूप में मनाने व भव्य रूप से स्थापना दिवस को आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैदी से जुट गया है। रजत जयंती के रूप में स्थापना दिवस को मनाने के लिए 3 नवंबर से 9 नवंबर तक भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े ने राज्य स्थापना दिवस को लेकर शनिवार को प्रेस वार्ता की। वार्ता में उन्होंने बताया कि 3 नवम्बर को कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, दुग्ध विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 4 नवंबर को हिमालय



टूरिज्म कार्यक्रम के तहत जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राइका कौसानी में पर्यटन विभाग व युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित होंगे। 5 नवंबर को ट्राउड महोत्सव के तहत कपकोट केदारेश्वर मैदान में मत्स्य विभाग, विकासखंड कपकोट, युवा कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां जिले में बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। 6 नवंबर बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तय हुआ है। जिसमें महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, विकास खंड गरुड़ में आयोजित होंगे। जिसमें चिकित्सा विभाग, बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लोगो को लाभ पहुंचाने के साथ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 7 नवंबर स्किल डेवलपमेंट कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आईटीआई कांडा में आयोजित होगा। जिसमें जिला सेवायोजन, श्रम विभाग, आरसेटी बैंक डीडी के द्वारा लोगों को जानकारी दी जाएगी। 8 नवंबर यूथ एंड स्पोर्ट्स के तहत बीडी पांडे परिसर बागेश्वर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में शिक्षा, नेहरू युवा केंद्र, खेल विभाग, युवा कल्याण द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 9 नवंबर को स्थानीय नुमा. इश मैदान में बृहद कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी आकांक्षा ने बताया कि सात दिवसीय कार्यक्रम के लिए जिले के जन प्रतिनिधियों, स्थानीय जनता एवं अन्य सभी कोडीनेट करने के लिए विभिन्न माध्यमों से सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से स्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर लाभ उठाने की अपील की है।

# सड़कों की गुणवत्ता से समझौता नहीं: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** डीएम आकांक्षा कोंडे ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मुख्य जिला सड़कों एवं अन्य संपर्क मार्गों की गुणवत्ता और मजबूती पर निरंतर निगरानी रखी जाए। बैठक में पीपी गोस्वामी, सहायक अभियंता एवं संजय कुमार पांडे, अधिशासी अभियंता ने विभागीय प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने एन एच एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के कार्य की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त किया एवं 15 दिन के भीतर नियमानुसार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद में किए जा रहे पैचवर्क की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। एनएच अंतर्गत अल्मोड़ा बागेश्वर राजमार्ग के कार्य में तेजी लाए जाने के साथ साथ लोनिवि कपकोट के अंतर्गत पढ़ने वाले मोटर मार्गों के कार्यों की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश संबंधितो को दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु सचिव स्तर से वार्ता कर उन्हें निस्तारित किए जाने के प्रयास किए जाएंगे। वन भूमि हस्तांतरण और क्षतिपूरक वृक्षारो. पण के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु ठोस प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अमित पटेल, अधिशासी अभियंता जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी दिनेश रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर....

### पाश्चात्य संस्कृति का त्याग जरूरी

**बागेश्वर।** गरुड़ माँ कोट भ्रामरी मंदिर में आज भागवत कथा का द्वितीय दिवस आज कथा में पूज्य व्यास आचार्य रवि शंकर काण्डपाल ने कथा के माध्यम से बताया कि आज हम अपनी संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति की और अग्रसर हो रहे हैं जो कि भविष्य के लिए बहुत ही घातक रहेगा आज हमें अपनी संस्कृति को और संस्कारों को बचाने की आवश्यकता है। हम अपने माता पिता दादा दादी एवं बडे बुजुर्गों से अपनी संस्कृति को जाने भागवत कथा यज्ञ में आये हुवे संगीतकार महेश, विपिन, भुवन, मयंक, कमल ने मधुर भजनों से कथा में और भी सितारे लगा दिए। इस अवसर पर आचार्य कैलाश गुरु पुजारी एवं मुख्य यजमान दयाकृष्ण लोहनी आदि उपस्थित रहे।

### प्यार में नाकाम होने पर जहर गटक लिया

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर युवक ने प्यार में नाकाम होने पर जहर गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां युवक का प्राथमिक उपचार कर उसे वार्ड में भर्ती कर दिया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय संजय भट्ट पुत्र हरीश भट्ट निवासी फल्टनिया ने शनिवार की सुबह चूहे मारने वादी कीटनाशक दवा गटक ली। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां युवक का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा ही कि युवक एक लड़की से प्यार करता था। कुछ दिनों से दोनों की आपस में कहा सुनी हो गई थी। इसी आवेश में आकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाए। हालांकि समय रहते युवक को बचा लिया गया है। उधर युवक के जहर गटकने की सूचना उनके गांव में आग की तरह फैल गई है।

### शिक्षकों के संकट से जूझ रहा आईटीआई कांडा

**बागेश्वर।** जिले का आईटीआई नोडल संस्थान कांडा शिक्षकों के अभाव में जूझ रहा है। आईटीआई में स्वीकृत इलेक्ट्रिशियन, ड्राफ्टमैन सिविल, इलेक्ट्रिशियन मैकेनिक, हिंदी शॉर्ट हैंड के ट्रेड स्वीकृत है। गत वर्ष संस्थान को फिटर की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें आने वाले वर्ष में फिटर लागू होने की संभावना जताई जा रही है। संस्थान में पांच ट्रेड होने के बाद एक मात्र हिंदी शॉर्ट हैंड के शिक्षक है, जो आयोग के भी सदस्य है। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की पढ़ाई करवाने के लिए 15 दिन के लिए दूसरे संस्थान से उपनल कर्मी शिक्षक बुलाए जाते है। जिले का सबसे बड़ा आईटीआई संस्थान होने के बावजूद यहां शिक्षकों के अभाव में आए दिन छात्र संख्या घटती जा रही है। संस्थान में कुल 136 छात्र छात्रों के लिए सीट उपलब्ध है, जिसके सापेक्ष वर्तमान में 60 छात्र छात्राएं पंजीकृत है। कई छात्र छात्राएं शिक्षकों के अभाव में पढ़ाई छोड़कर चले गए है। यहां तक कि संस्थान में प्रधानाचार्य का अतिरिक्त चार्ज आर एस मर्तोलिया उपनिदेशक हल्द्वानी के पास है। इसी प्रकार जिले के अन्य आईटीआई संस्थानों का हाल है। जिले कपकोट, कठपुड़ियाछीना संस्थान संचालित है। यहां भी शिक्षकों का अभाव है। जबकि दुगनाकुरी और गरुड़ आईटीआई संस्थान शिक्षकों व समाधानों के अभाव में बंद हो चुके हैं।

### दुर्घटना के आरोपी ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** करीब सप्ताह भर पूर्व ट्रक से कुचलकर हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जिला आजमगढ़ थाना कोतवाली सपर मौहल्ला एलवन पोस्ट ऑफिस निवासी वेदप्रकाश यादव पुत्र रामकरन यादव ने थाना आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका चचेरा भाई राजेश कुमार यादव पुत्र जयकरन यादव अपने ट्रक संख्या बीआर24जीडी 6090 से बीती 19 अक्टूबर को यहां काशीपुर स्थित आलू फार्म के पास पैगिया सीड्स प्लांट में माल भरने आया था। उसके साथ ट्रक पर चालक श्रवण कुमार पुत्र चन्द्रवली यादव निवासी बछुवापार पोस्ट ऑफिस पासीपुर थाना कप्तानगंज तहसील सगडी जिला आजमगढ़ था। ट्रक में माल भरवाने के बाद उसका चचेरा भाई राजेश ट्रक के पीछे खड़े मुंशी विजय से बातचीत कर रहा था कि तभी करीब 5.30 बजे उक्त ट्रक को उक्त चालक ने लापरवाही से बैक करते हुए उसके भाई को टक्कर मार दी, उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

### चौखुटिया में नए चिकित्सकों की नियुक्ति हो

**अल्मोड़ा।** जिला चिकित्सालय से बाल रोग विशेषज्ञ व महिला रोग विशेषज्ञ की चौखुटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्थानान्तरित करने के मामले को लेकर यूकेडी समेत अन्य दलों ने शनिवार को प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में विनय किरौला ने कहा कि उत्तराखंड बनने के बाद से ही उत्तराखंड के विशेष रूप से पहाड़ी जिलो में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर में है, जबकि राज्य निमार्ण के बाद प्राथमिक, सामुदायिक सहित जिला अस्पतालों के जो राष्ट्रीय मानक है वो हर हाल मे पूरे होने चाहिए थे। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पहाड़ों से पलायन का भी एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने चौखुटिया में नए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई। यहां प्रेस वार्ता में यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, विनोद तिवारी, मोहित साह, दीपा तिवारी, सुजीत टम्टा आदि रहे।

# गुरविंदर सिंह चंडोक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर मीडिया सेन्टर द्वारा रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों ने अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश प्रवकता बनाये जाने पर गुरविंदर सिंह चंडोक का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता श्री चंडोक ने प्रदेश संगठन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और काशीपुर मीडिया सेन्टर का आभार व्यक्त किया। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का जमकर बखान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत काम कर रही है। वहीं, मीडिया सेन्टर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी ने कहा कि हमारे पत्रकार भाई को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त कर भाजपा ने मीडिया का मान बढ़ाया है। स्वागत करने के दौरान तमाम मीडिया कर्मी रहे।

# बग्वाई कौतिक का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बग्वालीपोखर में आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहा. सिक बग्वाई कौतिक का समापन हो गया है। शनिवार को मेले के अंतिम दिन मीना बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं, अन्य अन्य वर्षो की भांति इस बार भी बाहरी व्यापारियों ने मेले में अपनी दुकानें लगाई थी। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि बग्वाई कौतिक ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्त्व का है जोकि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कहा कि मेला समिति ने इसे और ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ब्लाक प्रमुख आरती किरौला ने कहा इस मेले को हम बचपन से ही देखते आ





रहे हैं। आज एक ब्लाक प्रमुख के रूप में इसमें शामिल होना मेरे लिए और भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवीन पांडे ने कहा इस तरह के आयोजन हमें प्रेरणा देने के साथ ही प्रोत्साहित भी करते हैं। यहां मेला समिति अध्यक्ष सुबेदार मेजर हरी सिंह भंडारी, सचिव प्रमोद जोशी, सांस्कृतिक सचिव डा. दीपक मेहता, संयोजक संतोष बिष्ट, त्रिभुवन बिष्ट, विनोद अधिकारी, जीवन अधिकारी, राजेन्द्र किरौला, घनश्याम भट्ट, केएस मेहता, हरीशरण शर्मा, शिवदत्त पांडे, कुंदन भंडारी, हेम जोशी, पंकज बिष्ट, आशुतोष शाही, प्रमोद तिवारी, मोहन सिंह बिष्ट, भूपाल भरड़ा, मनोहर सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे। बग्वाली मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर झंकार लोक कला समिति बागेश्वर, और नव हिमालयन कला केंद्र अल्मोड़ा के कलाकारों ने झोड़ा, चांचरी, न्योलिक, छपेली समेत कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों शिहट दगड़ी कमला, अल्मड़ा में मेरो बंगला..., समेत अन्य गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर मेले में रंग जमा दिया। वहीं, विभिन विद्यालयों के बच्चों एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहावाही लूटी।

## अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पहुंचीं जागेश्वर धाम

**अल्मोड़ा।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला शनिवार को अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंची। इस दौरान उन्होंने भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन कर रुद्राभिषेक किया। आचार्य निर्मल भट्ट ने संपूर्ण विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहा कि जागेश्वर धाम में आकर उन्होंने अद्भुत शांति और दिव्यता का अनुभव किया और भगवान महादेव से सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर प्रधान पुजारी हेमंत भट्ट, आचार्य गिरीश भट्ट, आचार्य लोकेश भट्ट, आचार्य सागर भट्ट, आचार्य कमल सनवाल, आचार्य गो. कुल भट्ट सहित मंदिर के पुजारियों ने अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और उनके परिवार का स्नेहपूर्वक स्वागत किया।

# ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य का प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष पूरन नाथ गोस्वामी ने की। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत पंच-परिवर्तन सिद्धांत समाज में समरसता, स्वावलंबन और सौहार्द की सोच को मजबूत करता है। स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। महापौर अजय वर्मा ने कहा कि ओबीसी समाज आज भाजपा की मजबूत रीढ़ बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में ओबीसी मोर्चा भाजपा को भारी सफलता दिलाने में अग्रणी रहेगा। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने कहा कि ओबीसी समाज भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को शीर्ष पर ले जाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन कैलाश नाथ एवं महामंत्री अमित गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व कोऑपरेटिव अध्यक्ष ललित लटवाल,





कुमाऊं संयोजक कैलाश नाथ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय वर्मा, जिला मीडिया संयोजक मनीष जोशी (मंटू), जिला कार्यालय प्रभारी सौरभ वर्मा, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष हरीश कनवाल, महामंत्री रोहित वर्मा, महेश लाल वर्मा, विजय वर्मा (मंडल अध्यक्ष ताकुला), हरीश गोस्वामी, सागर वर्मा, मोहित वर्मा, गोविंद नाथ, सलमान अंसारी, बंटी वर्मा, कविता वर्मा, प्रतीक रस्तोगी, केतन घर्ती, गौरव वर्मा, प्रज्वल वर्मा, आशीष डोगरा, उमेश बिष्ट, रक्षित कार्की सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीओ पंकज कुमार व जेई संदीप के खिलाफ याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बिजली विभाग के एसडीओ व जेई के खिलाफ निगरानी याचिका को प्रथम अपर जिला जज, काशीपुर ने खारिज कर दिया है। थाना आईटीआई अंतर्गत हेमपुर इस्माईल निवासी प्यारे लाल ने प्रथम अपर जिला जज, काशीपुर के यहां निगरानी याचिका दायर कर कहा कि अप्रैल 2024 में वह अपनी रिश्तेदारी में गया था, तभी रमेश चन्द्र से मिलकर बिजली विभाग, काशीपुर के एसडीओ पंकज कुमार व जेई संदीप के द्वारा षडयन्त्र के तहत उसके बिजली कनेक्शन को बिना स्वीकृति काट दिया गया। बिजली विभाग से सूचना मांगने पर पता चला कि रमेश चन्द्र, पंकज कुमार एसडीओ व संदीप जेई ने फर्जी कागज बनाकर कनेक्शन काट दिया। बहस के दौरान विद्युत विभाग के अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने तर्क दिया कि विद्युत कनेक्शन कटने से विद्युत विभाग को हानि होती है और उसका उपभोक्ता कम होता है, परन्तु ऐसे में एसडीओ व जेई की कोई संलिप्तता नहीं है। अत: कनेक्शन काटने व जोड़ने के सम्बन्ध में विद्युत अधिनियम, 2003 इण्डियन इलैक्ट्रीसिटी रूल 1956 व इलैक्ट्रीसिटी सप्लाई कोड में स्पष्ट प्राविधान दिये गये हैं, इस प्रकार प्यारे लाल ने झूठा आरोप लगाया है। अधिवक्ता की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर प्रथम अपर जिला जज, काशीपुर ने प्यारे लाल द्वारा योजित निगरानी एसडीओ पंकज कुमार व जेई संदीप के खिलाफ याचिका खारिज कर दी।

# जमीन के नाम पर 9.40 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने कई लोगों पर उसे जमीन बेचने के नाम पर उसके 9 लाख 40 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक युवती व एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पशुपति विहार, जसपुर खुर्द, काशीपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र जगतराम ने आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महुआखेड़ागंज के मौ. गंज निवासी प्रीतम उर्फ पप्पू पुत्र रामवरन सिंह तथा राकेश कुमार ने उसे कनकपुर, काशीपुर में एक जमीन दिखाते हुए कहा कि जमीन उसकी बहन हिना अरोरा पत्नी स्व. अनिल अरोरा निवासी बांसफोड़ान, काशीपुर की है। उसकी बहन सस्ते में जमीन बेच रही है। उसकी बहन हिना का उसके साथ जमीन का एग्रीमेन्ट हो रखा है और वह दिल्ली से आकर रजिस्ट्री करा देगी।

संदीप कुमार ने बताया कि प्रीतम व राकेश कुमार निवासी गोलू गार्डन, काशीपुर ने उससे कहा कि वह उक्त जमीन की रजिस्ट्री नहीं करा सके तो वह उसे तुम्हें दोगुनी रकम वापस करेंगे और बैंक का लोन करवा कर तुम्हारा पोल्ट्री फार्म भी खुलवा देंगे। उनका सौदा 14 लाख रुपये में तय हो गया। संदीप ने बताया कि इसके बाद एक जनवरी 2024 को उसने 40 हजार रुपये बयाने के तौर पर प्रीतम को तथा दस दिन बाद 11 जनवरी 2024 को एक लाख रुपये नगद राक. ेश कुमार को उसके घर पर दिए तथा 8 लाख रुपये उसके पिता जगतराम ने अपने बैंक खाते से कविता के खाते में ट्रांसफर किये। संदीप ने बताया कि इस प्रकार इन लोगों ने उससे 9 लाख 40 हजार रुपये जमीन के लिए ले लिए और शेष रकम के लिये लोन कराने की बात कही। 8 अगस्त 2026 के इन लोगों ने नोटरी राजीनामा बनवाया जिसमें 47,0000 -47,0000 रुपये के दो चैक दिये और कहा कि एक दो दिन में हम कविता से चैक दिलवा देगें। संदीप ने बताया कि अब उसकी जानकारी में आया कि ये सभी लोग एक गैंग है और गैंग बनाकर उसकी रकम हड़प ली है। संदीप कुमार की तहरीर पर थाना पुलिस ने प्रीतम व कविता के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई जीवन सिंह चुाल के सुपुर्द की है।

# दुबई रवाना हुए मेयर बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर नगर निगम के मेयर दीपक बाली 26 से 29 अक्टूबर तक दुबई में होने वाले '2025 एशिया पेसेफिक सिटीज सम्मिट एंड मेयर फोरम में भाग लेने हेतु दुबई के लिए रवाना हो गए। यह सम्मेलन पिछले 29 वर्षों से दुनिया भर के शहरों, मेयरों और व्यवसायिक नेताओं को एक मंच पर जोड़ता आ रहा है। इसकी शुरुआत 1996 में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसब. ेन शहर से हुई थी और अब तक 600 से अधिक शहर इसमें शामिल हो चुके हैं। इस बार यह सम्मेलन पहली बार मध्य पूर्व, अफीका और दक्षिण एशिया क्षेत्र में आयोजित हो रहा है। इस सम्मेलन में 150 से अधिक मेयर, सैकड़ों शहर नेता और छह महाद्वीपों से हजारों प्रतिनिधि शामिल होंगे।



भारत से केवल 11 मेयरों को इस वैश्विक मंच पर आमंत्रित किया गया है, जिनमें काशीपुर के मेयर दीपक बाली भी शामिल हैं। इस तरह वे ऐसे पहले मेयर होंगे जो काशीपुर का प्रतिनिधित्व किसी अंतरराष्ट्रीय शहरी सम्मेलन में करेंगे। इस सम्मिट में स्मार्ट सिटी, डिजिटल गवर्नेंस, नागरिक भागीदारी और पर्यावरण-अनुकूल विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। मेयर दीपक बाली इस अवसर पर दुनियाभर के शहरों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। उनका उद्देश्य है कि दुनिया के सफल शहरों से सीख लेकर काशीपुर के विकास के लिए नए विचार और तकनीक लाए जाएँ और काशीपुर को एक स्वच्छ व स्मार्ट शहर बनाया जाए।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने किया छठ घाटों का स्थलीय निरिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** छठ पूजा के अवसर पर शनिवार को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंतनगर व नगला क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने शांतिपुरी गेट, नगला, गोल गेट, एलआईसी ग्राउंड, टा कालोनी, मॉडल कालोनी, फूलबाग सेंटर, एल ब्लॉक, संजय व मस्जिद कालोनी का स्थलीय निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर स्वच्छता व्यवस्था, रंगाई-पुताई आदि तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, पवित्रता और अनुशासन का प्रतीक है। स्वच्छ और सुचारू व्यवस्था बनाकर श्रद्धालुओं को निर्बाध पूजा का वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर पालिका नगला द्वारा चलाए जा रहे विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान की भी सराहना की और कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छठ पर्व की सभी तैयारियां पूरी मजबूती से की जा रही हैं। इस अवसर पर नगला नगरपालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला, सभासद गोपाल जोशी, अजय कुमार, सुनील रोहिल्ला, देवेंद्र यादव, बीवी मिश्रा, सुनील यादव रहे।

# पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** शनिवार को कोटाबाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालय



प्रतापपुर में टिम लीडर डाक्टर मंगल सिंह के नेतृत्व में बच्चों को साफ सफाई, पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या के बारे में बताया गया। वही जागरूक भी किया गया कि हमे स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए इन तीनों बातों को अपनी जीवन शैली में उतरना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान टीम लीडर मंगल सिंह बिष्ट ने कहा हमे प्रतिदिन स्नान करना चाहिए। अपने आस पास साफ सफाई रखनी चाहिए। पौष्टिक आहार वाला भोजन लेना चाहिए। प्रतिदिन उठने से लेकर सोने तक का टाइम टेबल को अपना चाहिए तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान बच्चों की हाइट व वजन भी किया गया। इस दौरान डाक्टर अंजू बिष्ट, फार्मासिस्ट कुलविंदर सिंह सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य दुर्गा देवी, अनीता सहित अन्य अध्यापक मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने सीएमओ का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला अस्पताल से दो विशेषज्ञ चिकित्सकों को सीएचसी चौखुटिया भेजने पर कांग्रेस का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को आक्रोशित कांग्रेसियों ने सीएमओ का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। जबरन दबाव में चिकित्सकों को चौखुटिया भेजने का विरोध किया। वहीं, विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विभाग को चिकित्सकों की तैनाती के आदेश को वापस लेना पड़ा। दरअसल, चौखुटिया में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से धरना प्रदर्शन पर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ को सीएचसी चौखुटिया भेज दिया। जिला मुख्यालय से चिकित्सकों को जबरन सीएचसी चौखुटिया भेजने की खबर लगते ही



विरोध शुरू हो गया। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय पहुंच गए। यहां कार्यकर्ताओं ने सीएमओ का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर विधायक तिवारी ने कहा कि मुख्यालय के अस्पताल व मेडिकल कालेज चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में दो विशेषज्ञों का चौखुटिया भेजना नगर समेत ग्रामीण इलाकों की जनता के साथ अन्याय है। कहा कि चिकित्सकों को भेजे जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इधर, विरोध प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों की चौखुटिया में तैनाती के फैसले का वापस लेना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस का गुस्सा शांत हुआ। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, गोविंद सिंह मेहरा, वैभव पांडे, मनोज वर्मा, नारायण दत्त पांडे, बीके पांडे, अंबी राम, शहाबुद्दीन, दीप सिंह डांगी, दिनेश नेगी, पीतांबर पांडे, किरन आर्य, दीपा साह, सुशील साह, मनोज वर्मा, आनंद सिंह बिष्ट, अशोक गोस्वामी, मनोज कुमार वर्मा, तारु तिवारी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शरद चंद्र साह, महेश चंद्र, सुरेन्द्र सिंह मेहता, मुकेश कुमार, कार्तिक साह, गौरव वर्मा, रविन्द्र कुमार टम्टा, पूरन रौतेला, परितोष जोशी, अजीत काकल्ल, मोहन सिंह देवली, नितिन रावत, शशांक बिष्ट, पवन मेहरा, गौरव वर्मा, शोभा जोशी, दिनेश पिलख्वाल, कृष्णा लटवाल, दीपक कुमार, परितोष जोशी, हिमांशु मेहता, भैरव गोस्वामी, हिमांशु मेहता, गुंजन चम्याल, निर्मल रावत आदि मौजूद रहे।

# आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य पर प्रश्न पूछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् देहरादून द्वारा प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग का आयोजन पीएमश्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राइका बागेश्वर में किया गया। प्रीमियर लीग में आधुनिक विज्ञान सम्बन्धित विषयों के साथ ही आपदा प्रबन्धन एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रश्न पूछे गये। प्रथम राउंड में बहुविकल्पीय प्रश्नों की लिखित परीक्षा सम्पन्न कराई गई। क्विज प्रतियोगिता में उमावि पंतक्वैराली के रोहित पण्डा, हर्षित गुरूरानी, निशा पण्डा, गौरव मिरौला की टीम ने प्रथम स्थान, जिम कार्बेट इंटरनेशनल स्कूल बागेश्वर के आदित्य तिवारी, भरत भट्ट, प्रियंका मेहता, लक्षिता पाठक की टीम ने द्वितीय स्थान तथा उमावि आरे के गायत्री आर्या, गरिमा बिष्ट, कविता नेगी व गरिमा मेहरा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में स्क्रीनिंग परीक्षा के पश्चात् इगनिसन राउंड, रैपिड फायर राउंड, एमसीक्यू राउंड तथा बजर राउंड के द्वारा प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में विकास खण्ड कपकोट, गरूड़ व बागेश्वर के माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य दीप चन्द्र जोशी ने आकर्षक पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रतियोगिता का संचालन संगम साह व रवि मिश्रा द्वारा किया गया। जनपद से प्रथम स्थान से चयनित उमावि पंतक्वैराली की टीम राज्य स्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में प्रतिभाग करेगी जिसका आयोजन 20 वां राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मलेन 2025 के साथ देहरादून में किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर जगदीश जोशी, कविता हरकोटिया, महिपाल खेतवाल, राजेश आगरी, एआर पाल, नारायण राम आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# दो किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

- एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई
- देवीधुरा चंपावत से हल्द्वानी बेचने के लिए ला रहा था तस्कर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते शुक्रवार की रात्रि कोतवाली पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने पहाड़ से हल्द्वानी सप्लाई के लिए लाई जा रही लाखो की चरस (2 किलो 20 ग्राम) चरस बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया चरस तस्कर 2021 में चरस तस्करी के आरोप में ढाई साल जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ को मुखबिर की सूचना मिली की एक व्यक्ति लाखों की चरस लेकर हल्द्वानी में सप्लाई करने के लिए ला रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर एसटीएफ व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नैनीताल रोड स्थित एमबीपीजी कालेज के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। तभी एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो उसमे से पुलिस को 2 किलो 20 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम नारायण दत्त परगाई पुत्र स्व. हरकिशन परगाई ग्राम कुकना थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल बताया। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि वह उक्त चरस को देवीधुरा व चंपावत से लेकर आया है, और इसे हल्द्वानी में किसी को देना था। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। पकड़ा गया चरस तस्कर 2021 में चरस की तस्करी में पकड़ा गया और ढाई साल जेल की हवा खा चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर से चरस तस्करी का धंधे में जुट गया। टीम में एसएसआई रोहताश सागर, एसआई अशोक जोशी, कांस्टेबल रणवीर सिंह सहित एसटीएफ से एसआई विपिन जोशी, जगवीर शरण व कांस्टेबल इरशाद अहमद शामिल रहे।

## काठगोदाम में स्मैक के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि गश्त के दौरान काठगोदाम पुलिस ने नगर निगम इंटर कॉलेज के पास से एक स्मैक तस्कर को 7.79 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर बीते शुक्रवार की रात्रि मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार, एसआई नीतू सिंह व कांस्टेबल भानु प्रताप के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मल्ला काठगोदाम चौकी के पीछे नगर निगम इंटर कालेज के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 7.79 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद फईम पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी इंदिरा कॉलोनी काठगोदाम बताया।



# धान खरीद में लापरवाही पर भड़के पूर्व विधायक पाल



- आरएफसी कार्यालय में प्रदर्शन कर की तालाबंदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** धान खरीद में लापरवाही को लेकर पूर्व विधायक नारायण पाल और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ललित जोशी ने शनिवार को आरएफसी कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और कार्यालय की तालाबंदी कर दी। उन्होंने इस मौके पर विभाग और राइस मिल मालिकों की मिलीभगत पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। नारायण पाल ने कहा कि विभाग की असंवेदनशीलता के कारण किसान अपने अनाज का सही मूल्य नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं और धान का उठान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया में किसानों का असंतोष बढ़ता जा रहा है। उधम सिंह नगर जैसे कुछ जिलों में तो धान की खरीद समय सीमा से भी नहीं शुरू हो पाई है। नारायण पाल ने आगे बताया कि 2016-17 में राज्य में 10,53,645 मैट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जबकि अगले कुछ वर्षों में यह आंकड़ा घटकर केवल 52, 431 मैट्रिक टन तक सिमट गया है। यह गिरावट किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसके साथ ही उन्होंने खरीद केंद्रों में भ्रष्टाचार, अनियमितताएं, और फर्जी पंजीकरण की शिकायतें भी उठाईं, जिससे किसानों का सरकार पर से भरोसा कम हो रहा है। राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी ने भी किसानों की समस्या को लेकर गहरी चिंता जताई और कहा कि आजकल किसानों को अपनी लागत निकालने में परेशानी हो रही है, क्योंकि बीज, उर्वरक, मजदूरी और अन्य खर्चों में वृद्धि हुई है। इसके बावजूद सरकारी खरीद व्यवस्था अपर्याप्त और अड़चनों से भरी हुई है। उन्होंने कहा धान का समय पर विक्रय न हो पाने और सरकारी खरीदी की कम मात्रा के कारण किसानों को निजी बाजारों में कम कीमतों पर अपने उत्पाद बेचने पड़ रहे हैं, जो कि उनके लिए नुकसानदेह है। सरकार को इस मसले पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसानों को उनका हक मिल सके। वहीं आरएफसी कुमाऊं चन्द्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि धान की खरीद सरकारी नियमों के तहत की जा रही है। लेकिन इस बार सरकारी रेट और प्राइवेट रेट में अंतर तथा धान की अधिक आवक के कारण समस्याएं आ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर दिया जायेगा।

# तेज रफ्तार थार ने सुपरवाइजर को रौंदा, मौत

### घर से ड्यूटी के लिए शनिवार सुबह निकले थे जीवन, थार को सीज कर युवकों को हिरासत में लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार की सुबह घर से ड्यूटी को निकले एक सुपरवाइजर को टीपीनगर पुलिस चौकी के सामने एक तेज रफ्तार थार ने कुचल दिया। इतना ही नही टक्कर मारने के बाद थार सुपरवाइजर कर्मचारी के पैर पर चढ़ी और पेट को कुचलते हुए आगे निकल गया। आनन फानन में युवक को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोमहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सत्यलोक कालोनी डहरिया निवासी जीवन पंत 55 वर्षीय पुत्र बद्रीदत्त यहां अपनी पत्नी, एक बेटी और एक नाबालिग बेटे के साथ रहते थे। जीवन, किच्छा के शिमला पिस्तौर स्थित किंग फिशर कंपनी में बतौर सुपरवाइजर का काम करते थे। परिजनों के मुताबिक, रोज की तरह जीवन पंत आज शनिवार की सुबह भी वह घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। घर से पैदल निकले जीवन टीपीनगर चौराहे से कंपनी के लिए गाड़ी पकड़ते थे। शनिवार को वह पैदल-पैदल टीपीनगर की तरह बढ़ रहे थे कि तभी रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थार सवार ने वाहन को अचानक बायीं ओर गई डहरिया रोड पर मोड़ दिया। रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक थार पर काबू ही नहीं कर सका। बेहद तेज गति से एक दुकान से टकराते हुए उसने सामने से आ रहे जीवन को अपनी चपेट में ले लिया। जीवन ने थार से बचने की कोशिश की, लेकिन वह थार की रफ्तार से पार नहीं पा सके। थार की टक्कर से जमीन पर गिरे जीवन को कुचलती थार आगे निकल गई। थार का अगली पहिया उनके पैर से होते हुए पेट को कुचल गया। लहुलुहान हालत में जमीन में गिरे जीवन को आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने थार और उसमें सवार लोगों को हिरासत में ले लिया। हालांकि थार सवारों के बारे में पुलिस बोलने से बच रही है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि थार में तीन से चार युवक थे। सभी नशे में लग रहे थे और पुलिस ने उनकी गाड़ी से शराब की दो बोतलें भी बरामद की है। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि यूपी32क्यूआई-8316 नंबर की थार को कब्जे में और सवारों को हिरासत में ले लिया गया। थार सवारों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।



## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात रामपुर रोड स्थित आईसक्रीम फैक्ट्री के पास 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की चेकिंग के दौरान आरोपी एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में गुजरते हुए देखी। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो वह भागने की कोशिश करने लगा, जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास थैले में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान विकास कुमार उर्फ विक्की, निवासी प्रेमपुर लोश्ज्ञानी के रूप में हुई। उसने पूछताछ में बताया कि वह कच्ची शराब टांडा जंगल के पास से लेकर बेचने के लिए लाया था।

## समिति ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने इस वर्ष भी अपने समाजसेवी कार्यों को निरंतर रखते हुए, 120 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए। यह वितरण रामणी आनसिंह के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्या मीना नयाल के आग्रह पर किया गया। विद्यालय के अध्यापकों और छात्रों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या मीना नयाल ने संस्था का धन्यवाद करते हुए उनकी सराहना की। स्वेटर पाकर बच्चे बहुत खुश हुए और उनकी आंखों में उल्लास देखा गया। समिति की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यदि बच्चों को किसी भी अन्य चीज़ की आवश्यकता महसूस हो, तो विद्यालय के अध्यापक हमें सूचित करें। संस्था उनके लिए हमेशा तैयार है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष दया बिनवाल, सचिव हेमा मेलकानी, कोषाध्यक्ष गीता कार्की, तथा सदस्य रमेश चन्द्र, हेमा चिलवाल, कंचन शर्मा, ममता जोशी, रीता पांडे, गीता पंत का भी सहयोग रहा।

# जनसुनवाई में आयुक्त ने सुनीं समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी के कैंप कार्यालय में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में भूमि विवाद, मुआवजा, सड़क और बिजली जैसी समस्याओं की शिकायतें प्रमुख रूप से आईं। एक महिला ने कोविड काल में अपने पति की मृत्यु के बाद जल गए दस्तावेज़, जिसमें आधार कार्ड भी शामिल था, के बारे में बताया। इसके चलते वह दो साल से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थीं। आयुक्त ने पूर्व जनसुनवाई में दिए गए निर्देशों के तहत महिला का नया आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करवाया, जिसके बाद महिला ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। गौलापार क्षेत्र से एक व्यक्ति ने लगभग 35 लोगों की धनराशि भूमि के नाम पर हड़पने की शिकायत की। आयुक्त ने क्षेत्राधिकारी को आरोपी के खिलाफ लैंड फ्राड एक्ट के तहत शीघ्र गिरफ्तारी करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर एक शिकायत आई, जिसमें नैनीताल के एक होटल ने डिजिटल प्लेटफॉर्म से की गई बुकिंग को आगमन के दिन रद्द कर दिया और अन्य होटल में ठहरने की सलाह दी। आयुक्त ने होटल संचालक को तलब किया। जांच में पता चला कि यह होटल होम स्टे के रूप में पंजीकृत था, जबकि इसे होटल की तरह चलाया जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ था। आयुक्त ने जिला पर्यटन अधिकारी को होटल को नोटिस जारी करने और उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी होम स्टे प्रतिष्ठानों की जांच करने की सलाह दी, ताकि अनियमित रूप से चल रहे होम स्टे पर कार्रवाई की जा सके। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जनहित से जुड़े सभी मामलों में पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण उनकी प्राथमिकता है।



# वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की बैठक संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की शनिवार को एक आम बैठक पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष इंदर सिंह निगल्टिया व संचालन महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। बैठक में दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद्र वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। बैठक में स्वास्थ्य कार्ड, गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और वय-वंदन कार्ड प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही कोष का विवरण समिति के कोषाध्यक्ष ने लेखा-जोखा और वृद्धजन दिवस पर हुए खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में दर्जा राज्यमंत्री नवीन चन्द्र वर्मा ने नए पदाधिकारियों को समिति की सदस्यता दिलाई और वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से बनवाने का सुझाव दिया। इस मौके पर मदन सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह ऐरी, दया किशन बल्यूटिया, पीएस जंतवाल, एचपी जोसेफ, दिनेश चन्द्र पंतोला, डीके पंत, मोहन चन्द्र बुडलाकोटी, भैरव दत्त जोशी, एडी डोर्वी, शंकर दत्त तिवारी, भगवती बिष्ट, सरोज तिवारी, महेश चंद्र आर्य, जीवन चंद्र डालाकोटी, भास्करानंद लोहनी, महिपाल सिंह भोज, सत्यप्रकाश सुयाल, रमेश चन्द्र जोशी मौजूद रहे।

# ढाई सौ लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** फर्नीचर मार्केट किदवई नगर में अंजुमन सिद्दीकीयान के तत्वावधान में मेडी सेंटर हॉस्पिटल, चंदन हॉस्पिटल एवं ज्योति नेत्रालय के संयुक्त सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुँचकर लाभ उठाया। शिविर में एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई तथा निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। शुगर व बीपी जांच, दवाओं का वितरण तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। चंदन हॉस्पिटल की ओर से विशेष रूप से एक कैनोपी लगाई गई, जहां लगभग 150 लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न जांचों और परामर्शों में लाभ मिल सके। वहीं करीब 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। शिविर में डा. मो. राशिद, डा. एसएन उस्मानी व डा. राखी रानी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। अंजुमन सिद्दीकीयान के अध्यक्ष राशिद गुड्डू एवं सचिव उजैर फिरोज़ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उपस्थित डाक्टरों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।



## शुरू हुआ चार दिवसीय छठ पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का चार दिवसीय छठ पर्व शनिवार से 'नहाय-खाय' के साथ शुरू हो गया। व्रति महिलाओं ने इस खास अवसर पर सुबह स्नान करके नए वस्त्र धारण किए और भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की। इस दिन महिलाओं ने लौकी, चने की दाल और भात खाकर व्रत की शुरुआत की। अब वे उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक निर्जल व्रत रखेंगी। सुशीला तिवारी अस्पताल में स्थित छठ पूजा स्थल को इस पर्व के लिए सजाया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा स्थल पर मनोकामना पूरी होने पर नई पूजा की वेदियां भी बनाई हैं। छठ पर्व को लेकर हल्द्वानी में लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। छठ पूजा के आयोजन की जानकारी देते हुए छठ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को व्रति महिलाओं ने दोपहर में चने की दाल, लौकी की सब्जी और चावल खाकर व्रत की शुरुआत की। अब रविवार को महिलाएं दिनभर व्रत रखेंगी और सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा स्थल पर फल, मूली, गाजर, अनानास, सूथनी, ठेकुआ (गुड़ और आटे से निर्मित) जैसे प्रसाद लेकर पूजा अर्चना करेंगी। इस दिन पूजा स्थल पर रातभर भजन कीर्तन का आयोजन होगा। मंगलवार प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा का समापन होगा, और इसके बाद भजन कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# समय-समय पर कराएं रोड सेफ्टी ऑडिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में सख्त निर्देश जारी किए। इस बैठक में उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसियों, परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्ती से कार्रवाई करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सड़कों पर समय-समय पर रोड सेफ्टी ऑडिट कराने की बात की और दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर गड्ढे भरने और पेंचवर्क कार्य को शीघ्र पूरा करने की भी बात कही। साथ ही, दुर्घटना संभावित स्थानों पर बड़े आकार के संकेतक बोर्ड लगाने और हिल साइड सेफ्टी के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने के आदेश दिए। श्री रयाल ने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों, जैसे लालकुआं से गौलापार और रामनगर-काशीपुर मार्ग पर सड़क सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, हल्द्वानी नगर में चौड़े किए गए सभी चौराहों के सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का आदेश भी दिया। जिलाधिकारी ने सड़क पर अनियंत्रित रूप से पड़ी निर्माण सामग्री को हटाने और रोड पर ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग जैसी ग़लतियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। इसके साथ ही, वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू, नगर निगम आयुक्त परितोष वर्मा और संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# नई शिक्षा नीति से युवाओं के लिए सृजित हुए नए अवसर

- धामी सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आम्रपाली में विचार गोष्ठी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आम्रपाली विश्वविद्यालय में शनिवार को विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राज्य की शिक्षा, विकास और नवाचार पर कई शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र सिंह बिष्ट, अध्यक्ष एनटीए प्रो. प्रदीप जोशी, विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज बिष्ट, यूओयू कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, पूर्व कुलपति दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय प्रो. धनन्जय जोशी, अध्यक्ष मीडिया सलाहकार समिति प्रो. गोविन्द सिंह, अध्यक्ष उत्तराखंड जनसंख्या विश्लेषण समिति दिनेश मानसेरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि राज्य सरकार ने बीते चार वर्षों में उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कार्यक्रम के पहले सत्र में कुलपति प्रो. बिष्ट ने कहा कि धामी सरकार ने शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हुए हैं। दूसरे चरण में यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट और पूर्व कुलपति दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय प्रो. धनन्जय जोशी ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा के विस्तार और तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए है। प्रो. लोहनी ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए आधुनिक शिक्षा पद्धति और ऑनलाइन शिक्षण को मजबूत किया जा रहा है। प्रो. दुर्गेश पंत ने उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन, हिमालयी मुद्दे, विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं उनके प्रबंधन पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन पर धामी सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। तीसरे सत्र में प्रो.गोविंद सिंह, दिनेश मानसेरा और फिल्म निर्माता निर्देशक राहुल रावत ने भाग लिया। उन्होंने समाज में समानता, नागरिकता और उत्तराखंड के विकास पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि युवाओं को राज्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस बीच मदन मोहन सती द्वारा रचित पुस्तक उत्तराखंड का कर्मयोगी पुष्कर सिंह धामी का विमोचन भी किया गया। समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में जलवायु परिवर्तन, आपदाओं और रोजगार जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार और तकनीकी शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन नीरज बावड़ी द्वारा किया गया। इस मौके पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. दुर्गेश पंत, प्रो. दीवान सिंह बिष्ट, सीईओ डा. संजय ढींगरा, सचिव बिंदु चावला, संयुक्त सचिव मयंक ढींगरा, प्रो. मनोज कुमार पांडे, डा. अमनजीत सेठी, शांतनु बिश्नोई सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे।

# राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम को ज्ञापन भेजा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लंबित मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर शनिवार को राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन भेजकर शीघ्र ही मांगों का निस्तारण करने की मांग की। प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों ने आंदोलकारियों की पेंशन बढ़ाने, सरकारी विश्राम गृहों में रियायती दरों पर ठहरने की व्यवस्था, नौकरियों में क्षितिज आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी करने और राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद को वैधानिक दर्जा देने की प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में यह भी कहा राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ जो कि 9 नवंबर को मनाई जाएगी, के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस दिन को खास बनाते हुए राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित करने की घोषणा करें। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख राज्य आंदोलनकारी डा. केदार पलड़िया, जगमोहन चिलवाल, अनीश आलम, योगेश कांडपाल समेत कई आंदोलनकारी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धान तोल को लेकर धरने पर बैठे किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** धान तौल में पारदर्शिता और किसानों को सुविधा देने को लेकर कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसान दो दिन से धरना दे रहे है। किसानों का धान भी नहीं तुल सका हैं।

शनिवार को रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की। शनिवार को भी किसानों ने धान तोल को लेकर धरना दिया। कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नवतेज पाल सिंह ने आरोप लगाया कि 19 और 20 अक्टूबर को धान की तौल नहीं हुई है, लेकिन अवकाश के दिन धान सरकारी पोर्टल पर अंकित किया गया है। जो मिली भगत साबित कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की उपज की अधिक कटौती की जा रही है। उपज मापने वाला नमी मीटर पर भी किसानों ने उंगली उठाई। क्रय केंद्र खाली पड़े हैं। आरोप लगाया कि कांटों पर घटतौल की जा रही है। किसानों के विरोध के बाद संभागीय विपणन अधिकारी लता मिश्रा, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर विनय चौधरी, मंडी सचिव विनोद पलडिया किसानों से मिलने धरनास्थल पर पहुंची। उन्होंने किसानों से वार्ता की। किसानों ने रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर से इन बिंदुओं पर जबाव मांगा हैं। किसानों से लगातार अफसरों की वार्ता जारी है। सरदार गुरसेवक सिंह ने कहां की किसानों के साथ अहित नहीं होने दिया जाएगा। विरोध करने वालों में छिन्दा सिंह, अमरजीत, गुरनाम, दीप सिंह, शरीफ, सरदार गुरसाहब सिंह, अर्शदीप सिंह, अनिरुद्ध राय, सलीम, कर्मा लाहोरिया, शेर सिंह मल्ली आदि मौजूद थे।

# कम्पाइन मशीन की चपेट में आने से घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

■ **पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** ड्यूटी कर घर लौट रहे सिडकुल कर्मचारी सड़क पर खड़ी कम्पाइन से टकरा कर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दौराने उपचार उसने दम तोड़ दिया । पिता की तहरीर पर पुलिस ने कम्पाइन चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सड़ासड़िया निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 14 अक्टूबर 2025 की रात्रि समय करीब 9:30 बजे उसका पुत्र रजनीश सिंह राना उम्र 25 वर्ष अपनी ड्यूटी कर टालब्रोस सिडकुल सितारगंज से अपने घर अपनी मोटर साइकिल सं. UKO6AU2609 से घर आ रहा था। जब वह नानकमत्ता बाईपास पर शहीद स्मारक के पास पहुंचा तो वहा कम्पाइन मशीन संख्या UP26AL2549 बिना किसी इंडिगेटर के रोड पर खड़ी थी। जिससे उसका पुत्र टकरा कर घायल हो गया, कम्पाइन चालक की लाप. रवाही के कारण घटित हुई घटना में घायल पुत्र को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल सितारगंज लाया गया जहां पर चोटों की गंभीरता को देखते हुए पुत्र को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार के दौरान पुत्र को मृतक घोषित कर दिया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) ,181 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है,वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### पूर्व विधायक सिंघल कृषि विश्वविद्यालय की सर्च कमेटी के सदस्य नामित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड शासन द्वारा जसपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल को देश के प्रथम,विश्व प्रसिद्ध, देश के नंबर-1 उत्तराखण्ड के कृषि विश्वविद्यालय गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,पंतनगर,नैनीताल की प्रबंधन परिषद ( कुलपति की नियुक्ति हेतु गठित प्र सर्च कमेटी ) का सदस्य नामित किया गया है ।

इस अवसर पर उन्हें क्षेत्रीय भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय लोगों द्वारा बधाई देने वाले का तांता लगा हुआ है । उनके नामित होने पर क्षेत्र में काफी हर्षोल्लास का माहौल है । लोगों ने उनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर सिंघल की इस उपलब्धि पर महत्वपूर्ण समिति में सहभागिता,प्रदेश के कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव, दूर दृष्टि और समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान का सम्मान का परिचायक है। उनकी यह भूमिका विश्वविद्यालय के भविष्य के नेतृत्व चयन में दिशा, गुणवत्ता और उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। डॉक्टर सिंघल ने पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय की प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किए जाने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उत्तराखंड शासन का आभार व्यक्त किया।

### क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर डॉक्टर यूनुस चौधरी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाज सेवी डॉक्टर यूनुस चौधरी ने जसपुर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके कैंप कार्यालय खटीमा में पहुंचकर मुलाकात की डॉक्टर चौधरी ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर जसपुर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा ।



अपने निजी आवास बैलजुड़ी पहुंचने पर डॉक्टर चौधरी ने मीडिया को बताया कि विकास पुरुष सीएम धामी को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर निवारण की मांग की है और जल्द ही जसपुर आने का निमंत्रण भी दिया है। उनके निमंत्रण पर मुख्यमंत्री ने सहस्र स्वीकृति प्रदान कर जल्द ही जसपुर आने की बात कही है।

# मां के जागरण में पूरी रात भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ग्राम खटोला में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मां भगवती जागरण का विधिवत ज्योत जलाकर शुभारम्भ किया। जागरण में पूरी रात भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि ऐसे आयोजनों का समाज और संस्कृति में विशेष महत्व है। धार्मिक आयोजन जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं।इससे नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और सामा. जिक चेतना का विकास होता है। आज का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे को भी मजबूत करता है। हमें चाहिए कि हम इस तरह के आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दें ताकि आने वाले समय में उत्तराऽड की सांस्कृतिक धरोहर और अधिक समृद्ध हो सके।

इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, अंकित बाटला, रमन विश्वास, जिला पंचायत सदस्य ऽटोला प्रतिनिधि तेज सिंह, पूर्व प्रधान मुकेश सिंह, पूर्व बीडीसी मेंबर प्रमोद बोरा, जागरण कमेटी के प्रेम सिंह, नारायण सिंह, कृष्ण सिंह, चेतराम, संतोष मास्टर, मंगू सिंह, बुद्धदेव सिंह, सोमल सिंह, कन्हैय सिंह, गोविंदा, दीपक सिंह, रमेश सिंह आदि थे।

# किसानों में धान की फसल बेचने को लेकर खासी मारामारी

■ **नमी, कर्दा, क्वालिटी के नाम पर की जा रही कटौती**

■ **धान क्रय केन्द्रों में लेबर, बारदाने का बताया जा रहा भाव**

■ **कच्चा आढ़त: 23.700, खाद्य विभाग: 20.700, सहकारिता विभाग ने की 184191.40 कुंटल धान की हुई खरीद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुनासिफ रेट पर धान बिक्री को लेकर किसानों को खासी मारामारी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी क्रय केन्द्रों एवं कच्चा आढ़त में खरीद के रिकार्ड दुरुस्त बताए जा रहे हैं बावजूद किसानों को सरकार का निर्धारित धान का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सरकार की तमाम व्यवस्थाओं के बाद भी किसान 2,369 के विपरीत बिचौलियों के हाथों 1500 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने को मजबूर है। किसानों को नमी, कर्दा, खराब क्वालिटी के नाम पर लूटा जा रहा है।

मंडी परिसर में संचालित कच्चा आढ़त में किसानों को मुनासिब रेट नहीं मिल पा रहा है। किसानों की मानें तो उनके धान का 5 से 10 किग्रा प्रति क्विंटल फफरा, 60 किलो पर 1 से 2 किलो प्रति क्विंटल कर्दा तथा 18 से 25 प्रतिशत नमी के बहाने 10 से 20 किलो प्रति क्विंटल कटौती की जा रही है। अपना धान बेच चुके किसान बताते हैं कि उन्हें 15 से 25 किलो प्रति क्विंटल धान मुफ्त में देना पड़ता है।

कच्ची आढ़त से 17 फीसदी नमी वाले धान को सरकारी क्रय केन्द्रों में बिक्री करने पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। धान क्रय केन्द्रों में बारदाना, लेबर का अभाव तथा दिन का कोटा पूरा होना आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। तिगरी निवासी दान सिंह आदि ने बताया कि तमाम समस्याओं से बचने के लिए उनके द्वारा 1700 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अपना धान बिचौलियों को मजबूरन सौपना पड़ा। प्रतापपुर निवासी हरचरण सिंह, गुड़खुड़ा निवासी कुलदीप, गांगी निवासी समनदीप सिंह, सुजिया निवासी भूपाल चन्द, रतनपुर निवासी संजय चंद, जादोपुर निवासी सुरजीत सिंह आदि किसानों ने बताया कि धान क्रय केन्द्रों सहित कच्चा आढ़तों में किसानों की फसल में तमाम कमियां निकालकर कटौती की जा रही है। सरकारी क्रय केन्द्रों में भी धान खरीद को लेकर कई बहाने बनाए जाते हैं।

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) जिला अध्यक्ष मनजिन्दर सिंह भुल्लर ने कहा कि किसानों की फसल खरीद में भारी कोताही बरती जा रही है। कहीं कोटा फूल, तो कहीं बारदाने का अभाव, नमी के नाम पर भारी कटौती से किसानों को जूझना पड़ता है। किसान अपनी फसल को औने-पौने रेट पर बेचने को मजबूर है। भाकियू जिला अध्यक्ष चढूनी भुल्लर ने चेतावनी दी है कि धान खरीद व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर किसान आंदोलन के लिए मजबूर होगा। उन्होंने स्टांप धारक किसानों का अभी तक पोर्टल नहीं खोले जाने पर चिंता व्यक्त की है। एसएमआई कृष्ण चन्द्र आर्य ने बताया कि जिन सेंट्रर में बारदाने के अभाव की शिकायत थी वहां बारदाना भेजा गया है। अभी तक एक लाख 69 हजार कट्टे विभिन्न सेंटरों को भेजे जा चुके हैं। कच्चा आदत में दो लाख 37 हजार क्विंटल तथा खाद्य विभाग द्वारा 20,700 कुंटल धान खरीदा जा चुका है।

एडीओ सहकारिता जगदीश गिरी ने बताया कि जिन धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया उनमें से एक आला वृद्धि सेंटर बंद मिला। शेष सेंटरों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यूसीएफ द्वारा संचालित सेंटरों की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता विकास विभाग द्वारा अभी तक 184191, 40 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि धान खरीद केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है यदि किसी सेंटर पर धान खरीद में अनियमित पाई गई तो उस सेंटर प्रभारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अखंड ज्योति दिव्य रथ यात्राा का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शांतिकुंज हरिद्वार अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखंड ज्योति दिव्य रथ यात्रा आज शनिवार को रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंची। इस दौरान भव्य हवन, यज्ञ का आयोजन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा ने मुख्य यजमान की भूमिका अदा की। इस अवसर पर गायत्री कुंज हरिद्वार से आए कार्यकर्ताओं एवं खटीमा, बनबसा, सितारगंज, काशीपुर तथा रुद्रपुर के लोगों ने हवन यज्ञ एवं दिव्या ज्योति के दर्शन किए। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने दिव्य ज्योति के दर्शन किए। यहां सुनील रैदानी, गायत्री कुंज हरिद्वार के कार्यकर्ता दिनेश चन्द्र मैखुरी, शिवाकांत त्रिपाठी, नरेन्द्र सजवाण, मस्तराम शर्मा, अशोक छाबड़ा, बीसी जोशी, राजेश शैली, योगेन्द्र सिंह, श्रद्धा छाबड़ा, ललित चौहान, ओपी पांडे, वेद प्रकाश कश्यप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। शांतिकुंज हरिद्वार अखंड ज्योति शताब्दी अवसर पर अखंड ज्योति दिव्य रथ यात्रा इससे पूर्व पीलीभीत रोड चारुबेटा कॉलोनी स्थित बिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची और अखंड दिव्य रथ यात्रा का संदेश श्रद्धालुओं को दिया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य ज्योति के दर्शन किये। अंत में श्रद्धापूर्वक दिव्य रथ यात्रा को विदा किया।

# पटेल की जयंती को लेकर कार्यक्रमों की बनाई रूप-रेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की कार्यक्रमों की रूप-रेखा तय करते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रुद्रपुर, काशीपुर, खटीमा में पद यात्रा, रन फॉर यूनिटी आयोजित की जायेगी। जिसमे युवाओं के साथ ही एनसीसी, एनएसएस, स्वयं सेवी संस्थाए, जनप्रति. निधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होने कहा विद्यालयो में, भाषण, निबंध प्रतियोगिताए, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एकता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जायेगें ताकि नई पीढ़ी सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान व विचारों से प्रेरणा ले सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर स्वच्छता एवं श्रमदान किया जायेगा। उन्होने कहा पोस्टर, बैनर के साथ एकता मार्च निकाला जायेगा। उन्होने एकता मार्च रूठ पर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस को व मोबाइल शौचालय रखने के निर्देश नगर निकाय को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में जहां पर भी सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति व पार्क है उनकी सफाई व रंगरोगन कराने के निर्देश नगर निकायों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत उपस्थित थे व सीएमओ डा. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

# तमंचे लहराकर दिखा रहे थे टशन पुलिस ने पहुंचाया हवालात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस ने शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हाल ही में सोशल मीडिया पर तमंचे लहराते हुए वायरल हुए वीडियो के वही युवक निकले, जिनकी करतूत से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना था।

कोतवाली पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी अपनी टीम का. गणेश धानिक व सुन्दर सिंह के साथ शाम करीब 7:45 बजे चौकी रम्पुरा क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि कुछ दिन पहले रम्पुरा व रेशमबाड़ी क्षेत्र में हथियार लहराने वाले युवक फिलहाल एफएसएल रोड पर किच्छा बाईपास की ओर पैदल आ रहे हैं और उनके पास तमंचे हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए अनुसार दो युवकों को देखकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने दौड़कर पकड़ लिया।

पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रियांशु कश्यप निवासी दुधियानगर तथा तरुण कोली निवासी रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर प्रियांशु कश्यप की जेब से एक नाजायज तमंचा -315 बोर तथा तरुण कोली की जेब से एक नाजायज तमंचा 12 बोर बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यही तमंचे उन्होंने कुछ दिन पूर्व रम्पुरा व रेशमबाड़ी क्षेत्र में टशन दिखाने के लिए हवा में लहराए थे, जिससे उनका वीडियो वायरल हुआ था।

### 50 प्रतिशत सब्सिडी में मिलेंगे मटर, लहसुन सहित साग-सब्जियों के बीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लघु एवं सीमांत कृषकों को उद्यान बागवानी को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग मटर, लहसुन सहित किचन गार्डन के लिए धनिया, पालक, मेथी एवं मूली के बीज उपलब्ध करा रहा है।

प्रभारी उद्यान गुंजीता भट्ट ने बताया कि बागवानी साग- सब्जी को बढ़ावा देने बाबत सरकार द्वारा 50 प्रतिशत सब्सिडी मुहैय्या कराई जा रही है। प्रभारी उद्यान भट्ट ने बताया कि बाजार में ऊंचे दाम में मिलने वाले साग सब्जी की तुलना में लघु सीमांत कृषक एवं किचन गार्डन में उगाई जाने वाली सब्जी सस्ती एवं गुणवत्ता युक्त रहती है। उन्होंने उद्यान विभाग से उपलब्ध बीज को अपनाकर उचित लाभ लेने की अपील की है। कार्यालय सहायक नवीन चन्द ने बताया कि मटर एवं लहसुन की फसल छोटे एवं बड़े सभी फार्मर अपनाते हैं।

# दबंगई दिखाने को खड़े वाहनों में पेट्रोल डालकर लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शनिवार प्रात: दबंगई दिखाने के मकसद से एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिल एक कॉलोनी में पहुंचकर पेट्रोल छिड़ककर कई दुपहिया वाहनों में आग लगा दी। जिससे वहां हड़कंप मच गया। घटना के बाद आरोपी कार में बैठकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक आज शनिवार प्रात: एक कार में सवार होकर कुछ युवक काशीपुर रोड स्थित सामिया लेक सिटी पहुंचे जहां उन्होंने पेट्रोल से भरी बोतल वहां खड़े कई दोपहिया वाहनों में छिडक दी और लाइटर से उन वाहनों में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। इस वारदात से कॉलोनी में हड़कंप मच गया और तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान मनदीप वर्मा ने बताया कि कार में सवार उक्त एक युवक ने इसी कॉलोनी में एक फ्लैट लिया है जहां उसके परिजन रहते हैं लेकिन वह मूल रूप से नोएडा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। जहां उसे पर कई संगीन मामले दर्ज हैं। ऐसे में वह पहले भी रुद्रपुर में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है और अब दहशत फैलाने के उद्देश्य से वह आए दिन कोई ना कोई वारदात कर रहा है। ऐसे में पुलिस इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यहां खड़े सैकड़ो वाहन आग की चपेट में आ जाते। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मेयर ने लिया छठ घाटों की व्यवस्थाओं का जायजा

■ **नगर निगम टीम के साथ चलाया स्वच्छता अभियान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रकृति और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर निगम तैयारी में जुटा है। महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम और सिंचाई विभाग की टीम के साथ शहर के प्रमुख छठ घाटों फुलसुंगा, फुलसुंगी, कल्याणी नदी और जगतपुरा सहित कई स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और सुरक्षा प्रबंध को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया।

महापौर विकास शर्मा ने स्वयं नगर निगम टीम और पूर्वांचल समाज के सदस्यों के साथ घाटों पर श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह प्रकृति और नदियों के संरक्षण का सशक्त संदेश देने वाला पर्व है। मेयर ने कहा कि छठ पूजा जैसे पावन पर्व समाज में स्वच्छता, अनुशासन और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया है और प्रकाश व्यवस्था को भी पूरी तरह दुरुस्त किया गया है। निगम कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है ताकि स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे। शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सड़क सुधार, जल निकासी, हरित क्षेत्र संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कई योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने रुद्रपुर को स्वच्छ, सुंदर और सस्टेनेबल शहर बनाने का संकल्प लिया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रुद्रपुर को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। मेयर ने शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करें और घाटों पर प्लास्टिक या गैर-जैविक कचरा न डालें। उन्होंने कहा कि नगर निगम केवल एक संस्था नहीं, बल्कि जनसहयोग से संचालित एक परिवार है, और नागरिकों की भागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, पार्षद पवन राणा, अजय यादव, राजेश कुमार, पारस चुघ सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और पूर्वांचल समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### धान तोल की व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: बाजवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** धान तौल को लेकर किसानों को मंडियों में आ रही समस्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसान नेट भूमि विचार महीन कैसे भाजपा ने कहा इतनी मेहनत फसल पैदा करने के बाद किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मंदिरों में धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों व व्यापारियों में टकराव की स्थितियां बन रही है।

उधम सिंह नगर सहित प्रदेश की विभिन्न मंडियों में किसानों को धान की फसल तुलवाने के लिए धरना देना पड़ रहा है। जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। धामी सरकार के नुमाइंदों को किसानो की समस्याओं पर यथाशीघ्र ध्यान देते हुए अधिकारियों को प्रभावी दिशा निर्देश देने चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों को धान तौल व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरुस्त करना चाहिए। तौल व्यवस्था सुचारू न हुई तो किसानों को बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# धूमधाम से मनाई जाएगी राज्य की रजत जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष रजत जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से बनाई जाएगी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राज्य स्थापना रजत जयंती कार्यक्रमों की तैयारियों की बैठक लेतु हुए कहा कि एक नवम्बर से नौ नवम्बर तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे व नौ नवम्बर राज्य स्थापना दिवस जनपद मुख्यालय के साथ ही सभी तहस. ीलों में कार्यक्रम आयोजित होगें एवं ग्राम पंचायत की बैठकें भी आयोजित की जाएंगीं।

मुख्य कार्यक्रम गांधी पार्क में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विभागीय प्रदर्शनी के साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा व स्वयं सेवी संस्थाओ, उद्यमियों, प्रगतिशील कृषकों, राज्य आन्दोलनकारियों, पूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया जाएगा। विद्यालयों में भाषण, निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों में जनप्र. निधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिए। रजत जयंती के अवसर पर सात नवम्बर को पंतनगर विश्वविद्यालय में कृषक गोष्ठी आयोजित की जाएगी व युवा कल्याण द्वारा पंतनगर में युवा महोत्सव भी आयोजित किया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत उपस्थित थे व सीएमओ डा. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जूड़े थे।

### 27 अक्टूबर को गांव कल्याणपुर में होगा अंतर्राष्ट्रीय विशाल दंगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में 27 अक्टूबर 2025 को ग्राम कल्याणपुर में अंतर्राज्यीय वार्षिक विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा । दंगल का शुभारंभ अपराह्न 1:00 किया जाएगा । दंगल में पंजाब हरियाणा, बिहार, हिमाचल, बिजनौर ( उत्तर प्रदेश), गुजरात , राजस्थान के पहलवान भाग लेंगे ।

# कार्यों में लापरवाही, ढिलाई नहीं की जाएगी बर्दाश्त: डीएम

■ कलक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए दिशा निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सैक्टर, केन्द्र पोषित योजनाओं, बीस सूत्रीय कार्यक्रम व मुख्यमंत्री घोषणा की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना धनराशि को कार्यो में तेजी लाते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतारते हुए शतप्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। ,

उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा कार्यो में लापरवाही, ढिलाई बर्दाश्त नहीं जाएगी इसलिए अवमुक्त धनराशि का सदुपयोग करते हुए विकास कार्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला योजना, राज्य सेक्टर के कार्यों में सबसे कम खर्च करने वाले विभागों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए सभी लंबित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में की गई घोषणा कार्यो के त्वरित गति से कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि जनता को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सकें। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में भी बी व डी श्रेणी के विभाग को श्रेणी ए में आने हेतु कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग पूर्ण मनोयोग एवं संवेदनशीलता से कार्य करें साथ ही आपसी समन्वय से कार्यों को कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाए मुख्यमंत्री घोषणा कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, प्रकाश आर्य, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, नगर आयुक्त काशीपुर रविन्द्र बिष्ट, उप नगर आयुक्त रुद्रपुर शिप्रा जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डा. बीके सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अधिशासी अभियंता सिचांई आनंद सिंह नेगी, बीएस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान अजय कुमार, लोनिवि एनके अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

## वाहन में पकड़े गए मांस मामले को लेकर हुए विवाद के बाद हुई कार्रवाई

■ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित पांच हिंदूवादी नेताओं व अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम छोई क्षेत्र में बीते गुरुवार को पिकअप वाहन में मांस पकड़े जाने को लेकर हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस एवं वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया था। इस मामले की जांच करने के साथ ही दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर जमकर हंगामा किया था। वही इस मामले में भाजपा नेताओं और हिंदूवादी संगठनों के लोगों द्वारा पिकअप चालक नासिर के साथ जमकर मारपीट भी की गई थी।

चालक के परिजनों ने बताया कि सुशीला तिवारी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल चालक नासिर के परिजनों और मुस्लिम समाज के लोगों ने कोतवाली का घेराव किया था। मामले में कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी, जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। रामनगर के मोहल्ला गुलरघट्टी निवासी नूरजहां ने पुलिस को दी तहरीर ने बताया की गुरुवार को उसके पति नासिर पिकअप वाहन से बरेली से रामनगर भैंस का मांस ला रहे थे उनका आरोप है कि इसी बीच छोई के समीप भाजपा नेता मदन जोशी, राजू रावत, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पंकज धस्माना, सागर मनराज, करन एवं 20 से 30 अज्ञात लोगों ने उसके पति को गाड़ी से उतार कर लाठी डंडे और लोहे की राड से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वही दूसरे पक्ष के ग्राम छोई निवासी करन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को उन्होंने पिकअप वाहन को रोकने की को. शिश की जिसमें मांस होने की सूचना थी। उनका आरोप वाहन चालक ने उनके ऊपर गाड़ी चढाने का प्रयास करते हुए धारदार हथियार दिखाकर उन्हें धमकाने का प्रयास किया।

**एक नजर**

## बाजपुर की समस्याओं को लेकर राजेश कुमार ने डीएम के साथ की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** भाजपा नेता राजेश कुमार ने जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन भदोरिया से धान क्रय खरीद को लेकर बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में हो रही समस्याओं से अवगत करवाया स इस दौरान क्रय लिमिट को बढ़ाए जाने एवं तत्काल आईएफसी को निर्देशित कर कच्चे आढ़तियों द्वारा खरीद किए जाने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान का विश्वास दिया। राजेश कुमार ने विधानसभा बाजपुर के अन्य कई और विषयों को लेकर भी एक सकारात्मक सार्थक चर्चा जिलाधिकारी के साथ की। राजेश कुमार ने विधानसभा बाजपुर क्षेत्र के अन्नदाताओ बंधुओ से निवेदन किया है कि आप परेशान न हो इस समस्या का जल्द समाधान होगा। पुष्कर धामी की सरकार सरलीकरण समाधान एवं संतुष्टि के मंत्र के साथ दिन-रात काम कर रही है।

## शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले के विरुद्ध हुई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** कोतवाली पुलिस रामनगर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर उच्च अधिकारियों के के दिशा निर्देश पर ऑपरेशन रोमियो अभियान चलाकर शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि रामनगर में ऑपरेशन रोमियो अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान आरोपी शुभम निवासी भवानीगंज रामनगर द्वारा भवानीगंज स्थित शंकर रेस्टोरेन्ट और ईश्वर सिह निवासी भवानीगंज रामनगर में भवानीगंज स्थित मेहरा रेस्टोरेन्ट मे शराब परोसते हुए गिरफ्तार किया।इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले कुल 59 लोगो के विरूद्ध पुलिस एक्ट मे चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 15000 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। इसी क्रम में चार वाहन चालको के विरूद्ध एमवी एक्ट मे कार्यवाही करते हुए दो वाहन सीज कर कुल 2000 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई मोहम्मद यूनुस, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, गर्जिया पुलिस चौकी प्रभारी गगनदीप सिंह, ढेला पुलिस चौकी प्रभारी जोगा सिंह आदि मौजूद रहे।

## ओपन बास्केटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरूमदारा में चल रहे लेवल अप बास्केटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को दूसरा दिन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा।



ग्रीन फील्ड अकैडमी प्रबंध निद. शक शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि आज के मुकाबले खास इसलिए भी रहा क्योंकि अंडर-19 वर्ग के बाद अब ओपन बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने भी अपने शानदार खेल कौशल से दर्शकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के संयोजक हर्षवर्धन पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य मुकाबले में ग्रीन फील्ड अकैडमी, एडमिशन पब्लिक स्कूल,आर्मी पब्लिक स्कूल, लिटल स्कॉलर्स और शिवालिक पब्लिक स्कूल पायनियर्स स्कूल के बीच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रीनफील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंध निद. शक शिशुपाल सिंह रावत ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य और अनुशासन का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को नशे से दूर रखकर जीवन में सकारात्मक दिशा देता है। ग्रीन फील्ड अकैडमी सदैव क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देती रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक हर्षवर्धन पांडे, कुणाल आर्य,अनुज कुमार, अभिषेक मठपाल,अमित पांडे, सागर माहेश्वरी, श्रेया वर्मा, सागर जोशी, ऋषभ टम्टा,हेमंत नेगी और उनके सहयोगियों ने सफल संचालन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रिनेसा कॉलेज ऑफ ऑफ होटल मैनेजमेंट के डायरेक्टर आलोक गुसाई, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, मीडिया प्रभारी नरेंद्र रावत, मनवर सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान निधि मेहरा, कृष्णा शाह आदि मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने किया फिल्टर फ्रिज का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** रामनगर के विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल के लिए नगर पालिका द्वारा फिल्टर फ्रिज लगाए गए हैं, जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम द्वारा सभासदों के साथ नगर पालिका परिषद के गेट पर किया गया। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर 40 फिल्टर फ्रिज लगाए जाएंगे जिससे क्षेत्र के लोगों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल,नगर पालि. का अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, सभासद खस्टि नंदन जोशी,सभासद सलमान सलमानी,सभासद प्रतिनिधि मुंतजिर राजा, सभासद प्रतिनिधि हेमंत बिष्ट,सभासद विक्रम भट्ट, सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल, सभासद नवीन सुनेजा सभासद, सचिन कुमार ,सभासद मोहम्मद करीम, सभासद शिवी अग्रवाल,सभासद नदीम मूसा,नगर पालिका परिषद रामनगर के स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आकर पूर्व लेखपाल की दर्दनाक मौत



**जसपुर।** भूतपुरी रोड़ नैक्टा फ्रेश फैक्ट्री के सामने मोड पर धान ले जा रही सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली के पिछले पहिए में फंसकर एक मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला चौहानान निवासी रिटायर्ड लेखपाल सुखबीर सिंह चौहान (63 वर्ष) मोटरसाइकिल संख्या यूए-06एच 4817 से शाम लगभग 6.00 बजे सायं नादेही चीनी मिल की ओर से जसपुर अपने घर जा रहे थे जसपुर की और से धान भरकर ला रही सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली के ट्राली के पिछले जूटटे में टकराकर मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौके पर तत्काल संबंधित पुलिस चौकी नादेही इंचार्ज संतोष देवरानी, इंदर सिंह ढेला मय पुलिस फोर्स के पहुंचकर मृत शव को उठाकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर अग्रिम कार्रवाई पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मौके पर परिजन पहुंच गए हैं। मौके से ट्रैक्टर ट्राली ड्राइवर भाग गया है जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है घटना लिखे जाने तक किसी प्रकार की तहरीर चौकी में नहीं आई है पुलिस विभाग जांच में जुटा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार के मृतक के एक अविवाहित पुत्र व दो विवाहित पुत्रियां हैं। मृतक पूर्व में थाना अफजलगढ़ उत्तर प्रदेश के शेरकोट निवासी थे।

## जिला अस्पताल में उमड़े मरीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** पांच दिन के अवकाश के बाद जिला अस्पताल खुला। पहले दिन मरीजों की खासी भीड़ रही। दिवाली के बाद श्वास के मरीज बढ़ गए। बुजुर्ग श्वास की दिक्कत तो बच्चे वायरल फीवर से पीड़ित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन के मुता. बिक मौसम में बदलाव के साथ ही दिवाली पर प्रदूषण बीमारी का बड़ा कारण है।

दिवाली को लेकर बीते पांच दिन से जिला अस्पताल में अवकाश था। सिर्फ इमरजेंसी में ही मरीजों को इलाज उपलब्ध हो रहा है। दिवाली के चलते मरीज कम संख्या में इलाज के लिए पहुंचे। छठे दिन अस्पताल खुला तो मरीजों की भीड़ बढ़ गई। शुक्रवार को ओपीडी 900 से अधिक रही। इसमें बुजुर्गों और बच्चों की संख्या अधिक रही।

# मां ने निखारी बेटी की प्रतिभा, टीवी पर आएगा बेटी का कार्यक्रम

### विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मां के सहयोग से बेटी साक्षी पहुंची राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में

■ भाजपा नेता रणदीप पोखरिया ने साक्षी की शिक्षा की ली जिम्मेदारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी योगा और डांस में अपनी प्रतिभा के बल पर टीवी कार्यक्रम में पहुंचने वाली 11 वर्षीय बच्ची साक्षी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। 30 अक्टूबर को जी टीवी तथा टीवी-9 पर इस बच्ची का कार्यक्रम रात 11 बजे प्रसारित किया जाएगा।

आपको बता दें कि प्रतिभाशाली बच्ची साक्षी की मां निर्मला देवी मूल रूप से पिथौरागढ़ की रहने वाली हैं तथा वर्तमान में खटीमा के मुंडेली में किराए के मकान में रहती हैं। इनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है और अपने पति से अलग रहती हैं। निर्मला देवी ने प्राइवेट स्कूल में शिक्षण कार्य कर अपनी बेटी की योगा और डांस की प्रतिभा को बखूबी निखारा और ऊंचे मुकाम पर पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। साक्षी ने बताया कि पिथौरागढ़, हरिद्वार, हल्द्वानी, मुंबई तथा देहरादून आदि जगहों पर उनके ऑडिशन हो चुके हैं। 30 अक्टूबर को जी टीवी और टीवी-9 पर उनका डांस कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। साक्षी ने बताया कि बचपन से ही उसकी मां ने डांस और योगा के बारे में बेहतर तरीके से सिखाए और मुझे इस मुकाम पर पहुं. चने के लिए काफी प्रयास किया। साक्षी ने बताया कि टीवी शो के सेमीफाइनल में उसका सलेक्शन हो गया है। वहीं साक्षी की मां निर्मला देवी ने बताया कि उन्होंने बचपन से ही साक्षी के प्रतिभा के अनुरूप योगा और डांस के क्षेत्र में आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद भी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षण कार्य कर उसे बेहतर बनाने का प्रयास किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता रंदीप पोखरिया ने बताया कि बच्ची के व्यक्तिगत टैलेंट को देखते हुए आज सामाजिक संगठन द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्ची के मां की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद भी उसकी मां ने बच्ची के डांस व योग जैसे प्रतिभाओं को निखार कर बच्ची को आगे बढ़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया टैलेंट फर्स्ट अंडर 15 के अंतर्गत टीवी पर इस बच्ची का शो 30 अक्टूबर को आने वाला है। उन्होंने कहा कि खटीमा के लोगों के सौभाग्य की बात है कि असहाय होने के बावजूद भी इस बच्ची ने अच्छा मुकाम पाने का प्रयास किया है। इस मौके पर उन्होंने बच्ची और उसकी मां की परिस्थितियों को देखते हुए आगे की शिक्षा की जिम्मेदारी लेने की भी बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि बच्ची ने स्टेट लेवल पर योगा में गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी इस बच्ची का चयन हुआ है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री रमेश जोशी तथा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी यदि मौजूद रहे।

# जनपद के मोटर मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने को डीएम ने ली बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**पिथौरागढ़।** जनपद के समस्त मोटर मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के सभी खंडों सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), ग्रामीण निर्माण विभाग, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जनपद के विभिन्न मार्गों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए जा रहे पैचवर्क कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ मार्गों को निर्धारित समयावधि में पूर्णत: गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पेंचवर्क, झाड़ी कटान एवं नालियों की सफाई कार्यों में तेजी लाने पर बल देते हुए कहा कि आमजन को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रत्येक कार्यदायी संस्था की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बीआरओ अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि आगामी अल्ट्रा मैराथन को दृष्टिगत रखते हुए गूंजी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शेष पेंचवर्क कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी स्वयं फील्ड निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की जांच करें और मैराथन से पूर्व मार्ग की स्थिति पूर्णत: सुगम एवं सुरक्षित सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन सड़कों पर कार्य किया जा रहा है, उनमें गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही या निम्न गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्राधिकार में चल रहे पेंचवर्क आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क मार्गों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा कर तीन दिवस के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला मुख्यालय क्षेत्र में कोई भी सड़क कार्य रुका हुआ न मिले तथा सभी मार्गों की मरम्मत एवं सुधार कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। बैठक में एडीएम योगेन्द्र सिंह समेत सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने बिजनौर का शातिर हिस्ट्रीशीटर दबोचा

■ आठ मोबाइल, एलसीडी, साउंड बॉक्स व अन्य सामान बरामद
■ फर्जी नाम और आधार कार्ड बनाकर रहता था आरोपी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मोबाइल दुकान में हाथ साफ करने के मामले में कुंडा पुलिस ने बिजनौर के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी नाम का आधार कार्ड बना कर किराए पर काशीपुर, जसपुर और कुंडा में रह रहा था। आरोपी से चोरी के आठ मोबाइल, एलसीडी, साउंड बॉक्स व अन्य सामान बरामद हुए हैं, जबकि आरोपी का एक साथी फरार चल रहा है। आरोपी के खिलाफ यूपी के विभिन्न जिलों में आधा दर्जन से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के पकड़े जाने के बाद पुलिस गहनता से पड़ताल में जुट गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने मामले का खुला. सा करते हुए बताया कि बीती नौ अक्टूबर की रात्रि में कुंडा थाना क्षेत्र स्थित एक मोबाइल शॉप में अज्ञात चोरों द्वारा सेंधमारी करते हुए 12 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 एलसीडी और 1 साउंड बॉक्स में हाथ साफ कर लिया था। वादी फईम अहमद निवासी महुआखेड़ा गंज, थाना आईटीआई द्वारा 10 अक्टूबर को तहरीर देते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। थाना पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो टीम को अहम सुराग हाथ लगे।

जिसके बाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों सुहैल उर्फ सोनू को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी सुहैल उर्फ सोनू फर्जी आधार कार्ड बना कर मोहम्मद जैद नाम से जसपुर, कुंडा और काशीपुर क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी किए गए शेष चार मोबाइल फोन व एक लैपटॉप को वह नौशाद आलम निवासी मोहल्ला गुजरातियान, जसपुर को बेच चुका है, जो वर्तमान में फरार चल रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी सुहैल उर्फ सोनू थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर हिस्ट्रीशीटर संख्या-84ए है, जिसके विरुद्ध कई गंभीर धाराओं में छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी का कहना है कि आरोपी सुहैल के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने पुलिस टीम को उत्कृष्ट कार्य हेतु सराहा एवं अन्य फरार अपराधियों के विरुद्ध भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, कोतवाली कुंडा, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी शिवराजपुर पट्टी, उप निरीक्षक अरविंद बहुगुणा, चौकी प्रभारी सूर्या, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, चौकी प्रभारी मंडी, उप निरीक्षक नवीन जोशी, थाना कुंडा, अपर उप निरीक्षक दीपक चौहान, थाना कुंडा, कांस्टेबल धर्मेंद्र भारती, राज. कुमार, जितेंद्र चौहान कैलाश आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

■ छात्र-छात्राओं ने अद्भुत प्रतिभा का किया प्रदर्शन
■ डायट लोहाघाट में जनपदीय एनपीईपी कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** डायट लोहाघाट में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी, डा. कमल गहतोड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम समन्वयक शिव. राज सिंह तड़ागी के संचालन में शानदार प्रतियोगिताएं संपन्न की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें निर्णायकों को निर्णय लेने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम में दूर-दराज के विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक के रूप में राजू पंत, प्रियंका जोशी, निशा ने योगदान दिया। मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, रवीश पचौली, भूपेंद्र सिंह देव, रणजीत सिंह राणा, प्रकाश चन्द्र जोशी ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित राउमावि खूनाबोरा में कार्यरत शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय को डायट प्राचार्य, कार्यक्रम समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी सहित समस्त संकाय सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय इंटर डायट कल्चरल मीट में आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी ने बताया कि समस्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं द्वारा आगामी माह में देहरादून में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा।

### लोकनृत्य विधा में राउमावि खूनाबोरा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

लोकनृत्य विधा में राउमावि खूनाबोरा, राउप्रावि देवीधुरा, रा.क.आ.वि टनकपुर, रोल प्ले में राइका किमतोली,राइका मऊ, क.गां.आवा.वि. टनकपुर, पोस्टर प्रतियोगिता में नैतिक माहरा, सरस्वती तथा समूह चर्चा में क्रमश: सरिता, करन पचौली, कृतिका बोहरा ने प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# ऐपण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## राजेन्द्र लाल साह स्मृति ओपन ऐपण और चन्द्र लाल साह स्मृति अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के प्रतिष्ठित साह-चौधरी समाज और वृंदावन पबलिक स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को द्वितीय राजेन्द्र लाल साह स्मृति ओपन ऐपण प्रतियोगिता और 12वीं चन्द्र लाल साह स्मृति अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रतियोगिता की ओपन और स्कूली प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 60 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे निर्णायकों की भूमिका बृज मोहन जोशी, सुधा साह, मंजू साह, जानकी साह और शीला साह द्वारा निभायी गयी। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा अपनी पारंपरिक कला को बहुत ही नियमों का पालन करते हुए बनाया गया। प्रतियोगिता के मुखय अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी व संस्कृति कर्मी प्रभात साह गंगोला ने ऐपण कला की बारीकियों से बच्चों को अवगत



कराया गया और बच्चों को पूरा आश्वासन दिया गया कि पारंपरिक ऐपण कला के विषय में जब भी उन्हें कोई शंका हो तो वे उनसे अपनी शंका का समाधान करने के लिए हर समय उपलबध रहेंगे, वहीं राखी साह (वृंदावन स्कूल की प्रधानाचार्या) द्वारा कहा गया कि बहुत जल्द अपनी ऐपण कला को बचाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रभात साह और प्रतियोगित के सभी निर्णायकों द्वारा सभी को इस कला की बारीकियों से अवगत करवाया जाएगा। कार्यक्रम में साह-चौधरी समाज के अध्यक्ष सुरेश लाल साह समेत सचिव सुरेश चौधरी, श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, समेत विमल साह, आलोक साह, शैलेन्द्र चौधारी, मयंक साह, हितेश साह, हर्ष साह, मो. हित साह, मोहित लाल साह, शैलेन्द्र चौधरी, पार्थ साह तथा किशन लाल साह तथा भारती साह और समाज के सभी सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में संचालन शैलेन्द्र साह द्वारा किया गया।

### ओपन ऐपण प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

**नैनीताल।** ओपन ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम अंकिता भंडारी, द्वितीय अंगिका पंत तथा तृतीय हादीया अंसारी रही जबकि चतुर्थ यशस्वी रावत, पंचम हर्षिता शर्मा, षष्ठम भगवती शर्मा रही।

### अंतर विद्यालय में निहारिका रही अव्वल

**नैनीताल।** अंतर विद्यालय ऐपण प्रतियोगिता में प्रथम निहारिका साह (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर), द्वितीय अस्मिता परिहार (सनवाल स्कूल) जबकि तृतीय दिशा कत्यूरा (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय) रही जबकि चतुर्थ कार्तिका बिष्ट (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय) वहीं पंचम स्थान पर गीतांजलि हाल्सी (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर), षष्ठम भावना तिवारी (भारतीय शहीद सैनिक स्कूल) रही। विशेष सांत्वना पुरस्कार निकिता पाण्डेय राइकां बगड़ तथा सौम्या खोलिया (बिशप शॉ स्कूल न) को प्रदान किया गया।

### प्रतियोगिता में विजेता को मिला यह पुरस्कार

दोनों वर्गों में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गयी। इसके तहत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार में 2 हजार रुपए और ट्राफी जबकि द्वितीय पुरस्कार में 1500 रुपए और ट्राफी जबकि तृतीय पुरस्कार में 1 हजार रुपए और ट्राफी भेंट की गयी वहीं चतुर्थ पुरस्कार में 800 रुपए और ट्राफी, पंचम पुरस्कार में 600 रुपए और ट्राफी जबकि षष्ठम पुरस्कार में 500 रुपएं तथा ट्राफी प्रदान की गई।

## एक नजर

### न्यू चैलेंजर और ग्रे हॉन्स ने जीते मुकाबले

**नैनीताल।** फ्लैट्स मैदान में पालिका मनोरंजन कलब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में न्यू चैलेंजर ने आईजीएफसी व दूसरे मुकाबले में ग्रे हॉन्स ने झीलपार को हराया। उद्घोषक दीपक कुमार तथा रेफरी मो. अयूब, देवेंद्र बोरा तथा ब्रजेश बिष्ट तथा स्कोरर जनक बिष्ट रहे। इस मौके पर कलब के अध्यक्ष ललित मोहन पांडे समेत प्रतियोगिता अध्यक्ष गोपाल सिंह नेगी, सचिव बिलाल अली समेत हंसा दत्त बहुगुणा, मो. आरिफ, मोहन चिलवाल, विकास टांक समेत मंजीत सहदेव, अजय साह तथा मोहित लाल साह व रोहित भाटिया रहे।

### 28 को होगी शास्त्रीय संगीत संध्या 'समर्पण'

**नैनीताल।** नैनीताल में 28 अक्टूबर मंगलवार को ताल साधना संगीत अकादमी नैनीताल की ओर से शास्त्रीय संगीत संध्या समर्पण का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि यह कार्यक्रम सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। ताल साधना अकादमी के अमन महाजन ने बताया कि इस संध्या का उद्देश्य शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन देना तथा नई पीढ़ी को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ना है। कार्यक्रम में गायिका मधुलिका पांडे, डा. गगनदीप होठी और डा. रवि जोशी अपनी प्रस्तुतियां देंगे साथ ही शंभूनाथ भट्टाचार्य, गौरव बिष्ट तथा अमन महाजन और अकादमी के बच्चे भी अपनी प्रस्तुतियां देकर सुरों की शाम को और अधिक मनमोहक बनाएंगे।

### प्रो. नंद गोपाल साहू का सम्मान

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने शनिवार को विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के प्रसिद्ध रसायन शास्त्री वैज्ञानिक प्रो. नंद गोपाल साहू को फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज नासी फैलो बनने पर उनका स्वागत एवं सम्मानित किया। इस दौरान प्रो. साहू को शॉल उड़ाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट एवं पौधे के लायर भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उल्लखेनीय है कि प्रो. साहू फैलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री सहित विश्व की वैज्ञानिकों की 2 प्रतिशत सूची मै शामिल हैं। उनके 24 पार्टनर प्रकाशित हैं तथा वेस्ट से ग्राफीन बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस मौके पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टम्टा, डा. महेश आर्य, डा. ललित मोहन, डा. नवीन पांडे तथा डा. अमित मेलकानी मौजूद रहे।

### प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन को किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 467 वें दिन भी जारी रहा। अभियान के 467वें दिन उनके नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह थल तथा पर्यटक आवास गृह चौकड़ी में पौधारोपण किया गया ।दिनेश गुरुरानी द्वारा कुमाऊं मंडल विकास निगम में विगत 30 वर्षो से अध्यक्ष पद पर दिए गए सहयोग के लिए कर्मचारियों का आभार प्रकट किया साथ ही उनके द्वारा पौधारोपण अभियान में जिसमें संगठन को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज है। अभियान के तहत कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए स्मृति चिह्न दिया। वहीं कर्मचारियों ने भी दिनेश गुरु रानी को माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर वह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### गाड़ी की टक्कर लगने से व्यवसायी चोटिल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को पर्यटक वाहन से राह चलते रेस्टोरेंट व्यवसायी को टक्कर लग गई जिसके चलते वह चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह माल रोड के प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट स्वामी संजीव बिरमानी (65) बाजार की ओर पैदल जा रहे थे। मल्लीताल में नैनीताल बैंक मुखयालय के समीप पीछे से आ रहे यूपी नंबर की स्विफ्ट डिजायर पर्यटक वाहन यूपी 37-जेड-3474 की टक्कर से वह सडक पर जा गिरे। हादसा होता देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर मौजूद प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सूखाताल वार्ड की पालिका सभासद गजाला कमाल समेत अन्य स्थानीय लोगों व पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। शाम को चार बजे पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। दूसरी ओर सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने प्रशासन से गुजारिश की है कि वह चीना बाबा चौराहे से लेकर स्टेट बैंक तिराहे तक चौपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद करें जिससे राहगिरों को हादसों का शिकार न होना पड़े।

### ड्रिंक एंड ड्राइव में नैनीताल में वाहन सीज

**नैनीताल।** फरीदाबाद से तल्लीताल सामान छोड़ने पहुंचे कैंटर चालक को शराब पीकर वाहन चलाना मंहगा पड़ गया। पुलिस ने चालक का मेडिकल कर उसका वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को फरीदाबाद निवासी अरविंद कैंटर संख्या एचआर 38 एएच 8908 में सामान लेकर नैनीताल पहुंचा था। यहां पहुंचकर वह अपना कैंटर वाहन फांसी गधेरा क्षेत्र में ले गया। गश्त के दौरान पुलिस की नजर वाहन पर पड़ी तो पुलिस ने चालक से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि चालक एक बैंक की फर्नीचर सामग्री लेकर नैनीताल पहुंचा है लेकिन वह नशे में धुत था। पुलिस ने बीडी पांडे अस्पताल में तुरंत चालक का मेडिकल कराया। मेडिकल में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने वाहन को कबजे में ले लिया। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत फरीदाबाद निवासी अरविंद को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है।

# घोड़े की नाल लगवाने गये लोगों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** घोड़े की नाल लगवाने गये एक युवक समेत कई लोगों पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की हालत चिंताजनक बताई गई है। मानपुर रोड निकट बिजली घर कुम्हार कालोनी निवासी रामअवतार पुत्र सुखराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका भाई विजयपाल व जीजा पिंटू, भाभी पूजा, भतीजी निशा बीती 23 अक्टूबर की सांय करीब 6 बजे अपने घोड़े की नाल लगवाने के लिए सरकारी अस्पताल के पीछे निकट अल्वर्ट स्कूल खुर्शीद के पास पहुंचे, आरोप है कि खुर्शीद सभी लोगों को गालियां बक रहा था, जिसका उसके जीजा पिंटू द्वारा विरोध करने पर खुर्शीद ने गाली-गलौच के साथ ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि वहीं पास में बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर मौजूद अहमद, इकबाल व जाबेद ने भी खुर्शीद के साथ मिलकर लोहे की चैन आदि से उन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसके जीजा बुरी तरह बेहोश हो गये। सूचना पर सभी घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके जीजा की हालत चिंताजनक बताई गई है। पुलिस ने रामअवतार की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच के साथ ही उनकी धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# ग्राफिक एरा भीमताल में डिजिटल थेरेप्यूटिकस विषय पर व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय भीमताल के फार्मेसी कालेज में डिजिटल थेरेप्यूटिक्स 21वीं सदी के नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तन विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों द्वारा अतिथि का स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.डा. हरीश दुरेजा उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में उन्होंने डिजिटल थेरेप्यूटिकस की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह साक्ष्य आधारित



चिकित्सीय हस्तक्षेप हैं जिन्हें सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के माध्यम से लागू किया जाता है ताकि विभिन्न बीमारियों की रोकथामए प्रबंधन और उपचार किया जा सके। उन्होंने यह भी समझाया कि कैसे प्रौद्योगिकी व व्यवहार विज्ञान और डेटा विश्लेषण के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है जिससे उपचार की सुलभता और रोगी परिणामों में सुधार हुआ है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों के तीव्र विकास पर भी चर्चा की और डिजिटल थेरेप्यूटिकस के जिमेदार विकास के लिए नियामक ढांचे एवं अंतर्विषयक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे डिजिटल थेरेप्यूटिक्स मधुमेह तथा मानसिक स्वास्थ्य विकारों और हृदय संबंधी रोगों जैसी दीर्घकालिक बीमारियों के प्रबंधन में सहायक सिद्ध हो रही हैं। अंत में विद्यार्थियों ने डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में अनुसंधान अवसरोंए भविष्य की संभावनाओं और आवश्यक कौशलों के बारे में उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

# एआई के दुरुपयोग को समझाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के भू विज्ञान विभाग और भीमताल परिसर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से हर्मिटेज भवन में शोधार्थियों के लिए लेखन कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शोधार्थियों को शोध प्रकाशन में एआई के सदुपयोग की जानकारी दी। बता दें कि हार्मिटेज भवन में लेखन कौशल स्किल विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के अशोक विश्वविद्यालय सोनीपत हरियाणा के प्रो. सौरव पाल व डा. रोहित भाटिया रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बीना पांडे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोहित भाटिया ने बताया कि लेखन अभिव्यक्ति का सबसे बेहतर तरीका हैं, अपने शोध को लिखने के लिए हमेशा महत्वपूर्ण और सरल शबदों का चयन करे स शोध के परिचय में 250 से 300 शब्दों में

### शोधार्थियों के लिए लेखन कौशल कार्यशाला

उसके डेटा और शोध संस्थानों की संक्षिप्त जानकारी दे जिससे शोध की जानकारी आसानी से मिल सके स शोधकर्ता की लेखन शैली उसके शोध की अभिव्यक्ति होती है, जितना अधिक हम पढ़ते हैं हमारा लेखन उतना ही बेहतर होता है, दूसरे को दिखने के लिए यदि हम अतिरिक्त लिखेंगे तो हमारा वास्तविक लेखन नहीं रहेगा। शोध को बेहतर लिखने के लिए अपनी 10वीं की ग्रामर का अध्ययन कर उसे बेहतर करे स शोध का टाइटल को शोध कार्य के अनुसार तय करें जिससे से आपके शीर्षक के आपके कार्य के अध्ययन में आकर्षण हो। उन्होंने बताया कि संपूर्ण शोध को कभी भी ए आई से न लिखे, जो भी डेटा हम एआई से ले उसको क्रॉस चेक अवश्य करें। कहा कि ए आई से हम अपने डेटा का ग्राफ और चित्रण के लिए उपयोग कर सकते हैं। अपने शोध का डेटा ए आई में न डाले तथा ए आई से हम गूगल नोट बुक क्रिएट कर सकते हैं जिससे हमें अपने शोध का संपूर्ण सार को लिखने में मदद ले सकते हैं। इस मौके पर प्रो. सौरव पाल ने बताया कि एआई टूल शोध में कई प्रकार से हमारे शोध में मददगार है। उन्होंने बताया कि इससे हम अपनी एक चेक लिस्ट की वार्ड तैयार कर सकते हैं लेकिन अपने शोध को हमेशा अपनी रिसर्च पर लिखे कयोंकि ए आई में कोई भी ऑथेंटिक डेटा नहीं होता है। शोधार्थी के शोध और तथ्यों को हमेशा सच माना जाता है इसलिए हमेशा डेटा को क्रॉस चेक कर ले। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों की स्किल को बढ़ावा देना है। कई बार छात्र अपने शबदों को लिख नहीं पाते है शबदों का का चयन नहीं कर पाते हैं। इस दौरान प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. रमेश चंद्रा तथा डा. निमृत शाह आदि मौजूद रहे।

# सीवर के कार्य के दौरान फटी पेयजल लाइन

## लोगों ने लगाया जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को सीवर लाइन की मरमत के काम के दौरान पेयजल लाइन फट गई। लाइन में पानी का प्रेशर होने के चलते पानी तीस से चालीस फीट तक जा पहुंचा। इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पूर्व में भी नगर में एसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस घटना के बाद भी लोगों ने जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाया है। नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में शनिवार को आवागढ़ क्षेत्र में जल संस्थान की ओर से सीवर लाइन की मरमत का कार्य किया जा रहा था। खोदाई के दौरान वहां से गुजर रही चार इंच की डिस्ट्रीयूसन पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन क्षतिग्रस्त होते ही प्रेशर से पानी तीस से चालीस फीट तक आसमान की ओर जा पहुंचा। जिसके चलते मौके पर हड़कंप मच गया। इस दौरान आस पास के लोगों ने वीडियो बनाकर जल संस्थान के अधिकारियों को भेजे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर इंटर चीना टैंक से पानी की सप्लाई बंद कराई लेकिन उसके बाद भी आधे घंटे तक पानी फव्वारा बन बहता रहा। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि लाइन में सप्लाई बंद कर दी गई है। बताया कि मरम्मत की जा रही है।

# जामः यातायात पुलिस ने मेयर के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शहर में जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए यातायात पुलिस ने मेयर दीपक बाली के साथ बैठक की। इस दौरान ट्रैफिक नियमों को लेकर शहर में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। नगर निगम कार्यालय में मेयर दीपक बाली और यातायात निरीक्षक नीरज कुमार सहित निगम अधिकारियों, ट्रैफिक पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने वार्ता की। इस दौरान शहर में जाम का स्थायी समाधान निकालने के लिए निर्णय लिए गए। कहा कि नगर निगम की ओर से सभी ई-रिक्शा चालकों का 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। केवल मूल निवासी चालकों को ही पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। सभी ई-रिक्शों के लिए रूट और स्टैंड तय किए जाएंगे ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे। ई-रिक्शा चालकों के लिए नगर निगम की ओर से सुविधा कैंप लगाए जाएंगे जिनमें पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। मेयर ने कहा कि सभी ई-रिक्शा चालक आठ नवंबर तक अपना पंजीकरण नगर निगम के टैक्स अनुभाग में अनिवार्य रूप से करा लें। इसके बाद नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी। यातायात निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम मिलकर एक संयुक्त कार्य योजना पर काम करेंगे ताकि शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात पूरी तरह सुचारू रह सके।

# कुंजापुरी मंदिर में कल से शुरू होगा प्रसिद्ध कुंजापुरी मेला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड की धार्मिक, सांस्कृतिक और लोक परंपरा की पहचान बन चुका सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला 2025

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे मेले का शुभारंभ, सितारों और लोक कलाकारों का रहेगा जलवा

इस वर्ष और भी भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। यह मेला 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रदेश और देशभर से कलाकार, खिलाड़ी और पर्यटक शामिल होंगे। मेले के दौरान धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति, खेल और आधुनिक मनोरंजन का रंगारंग संगम देखने को मिलेगा। मेला 27 अक्टूबर, सोमवार को दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ध्वजारोहण के साथ इसका विधिवत शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन अवसर पर पीएसी बैंड, उत्तराखंड पुलिस बैंड, छोलिया नृत्य, संस्कृति निदेशालय की टीम और विभिन्न विद्यालयों की झांकियां मेले की शोभा बढ़ाएंगी। उद्घाटन दिवस की संध्या गढ़वाली लोकगायिका रेशमा शाह और राजेन्द्र भंडारी एंड पार्टी की सांस्कृतिक प्रस्तुति से सजेगी, जबकि रात्रि 10.30 बजे पद्मश्री जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 28 अक्टूबर, मंगलवार को सुबह 11 बजे खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ नरेंद्रनगर के मुख्य बाजार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और सुबोध उनियाल करेंगे। इस दिन पुरुष व महिला वर्ग की बालीबाल ओपन प्रतियोगिता शुरू होगी। रात्रि में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगितात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 29 अक्टूबर, बुधवार को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं की शुरुआत होगी, जबकि दोपहर में राजकीय इंटर कालेज मैदान में पुरुष फुटबाल मुकाबले खेले जाएंगे। संध्या को आंचल विद्या भारती और क्रिस्ट ज्योति विद्यालय के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ होंगी, इसके बाद प्राथमिक और उच्च वर्ग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। 30 अक्टूबर, गुरुवार को उत्तराखंड की लोकप्रिय लोकगायिकाएं उप्रेती बहनें अपने लोक गीतों की मधुर धुनों से समां बांधेंगी। रात्रि साढ़े 10 बजे हिमाचल के प्रसिद्ध नाटी किंग कुलदीप शर्मा एंड पार्टी की प्रस्तुतियां दर्शकों को लोक संगीत के आनंद से भर देंगी। 31 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह ओपन कबड्डी प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का शुभारंभ होगा, जबकि दोपहर में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बेबी शो का आयोजन किया जाएगा। रात में दिल्ली के प्रसिद्ध द निर्माण प्रोजेक्ट एंड बैंड पार्टी दर्शकों का मनोरंजन करेगी और उसके बाद बॉलीवुड स्टार एवं पंजाबी सिंगर जस्सी गिल और बब्बल राय की शानदार प्रस्तुति बालीवुड नाइट को यादगार बना देगी। 1 नवंबर, शनिवार को संस्कृति विभाग देहरादून के तत्वावधान में बीना बोरा एंड पार्टी उत्तराखंड लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति देंगी। रात्रि साढ़े 10 बजे गढ़वाली लोक गायिका प्रियंका मेहर एंड पार्टी दर्शकों को पारंपरिक गीतों की सुरमयी शाम में ले जाएंगी। 2 नवंबर, रविवार को सुबह पुरुष वर्ग की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता और बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, चम्मच, बोरा और जलेबी रेस जैसी रोचक गतिविधियाँ होंगी। महिलाओं के लिए मेहंदी, रंगोली और रस्साकशी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। रात 9 बजे गढ़वाल का लोकप्रिय बैंड 'पाण्डवाज' अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा। 3 नवंबर, सोमवार को दिल्ली के प्रसिद्ध ड्रैगन डांस ग्रुप की रोमांचक प्रस्तुति और फिर कॉमेडी के सुपरस्टार सुनील ग्रोवर (गुत्थी) का हास्य कार्यक्रम दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। अंतिम दिन, 4 नवंबर को शाम 4 बजे कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह होगा। इसी दौरान जय मां कुंजापुरी लकी ड्रा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। रात 9 बजे स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मेला संपन्न होगा। इस बार कुंजापुरी मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि उत्तराखंड की जीवंत संस्कृति, परंपरा और लोकजीवन का उत्सव बनकर प्रदेश की आस्था और गौरव का प्रतीक बनने जा रहा है।

# पुलिस ने संवाद वैलनेस में दी मानसिक स्वास्थ्य व कैरियर की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सशक्त भारत अभियान के तहत पुलिस लाइन नैनीताल में शनिवार से दो दिवसीय संवाद वैलनेस मेला शुरू हो गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने किया। यह आयोजन आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ ही पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य तथा करियर जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए स्कूल ऑफ लाइफ की टीम ने उपयोगी विचार साझा किए। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में पुलिस कर्मियों को विपरीत परिस्थितियों में मानसिक रूप से सशक्त रहने के टिप्स भी दिए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों ही जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की टीम में डा. डायना चेरियन, डा. अजहर शॉ, राजेश मिश्रा तथा सिद्धार्थ दास और आरती श्रृंखला सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

### कुविवि ने विद्यार्थियों से मांगे आवेदन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने संबद्ध परिसर व महाविद्यालय व संस्थान के विद्यार्थियों से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन मांगे हैं। कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया स्नातक तथा स्नातकोत्तर व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत मुख्य बैक व एक्स के सभी विषम सेमेस्टर (तृतीय/पंचम/सप्तम व नवम) के परीक्षा आवेदन के लिए समर्थ व ईआरपी पोर्टल से आज यानी शनिवार से 10 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके अलावा ईआरपी पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के लिए भी परीक्षा आवेदन पत्र खोला जा रहा है। बताया कि निर्धारित तिथि तक यदि किसी विद्यार्थी की ओर से परीक्षा आवेदन पत्र कतिपय कारणों से नहीं भरा जाता है तो ऐसे विद्यार्थी 10 नवंबर तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत अतिरिक्त विलंब शुल्क और 14 से 16 नवंबर तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 100 प्रतिशत अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर पायेंगे।

### लोहरी नाग पाला परियोजना के क्लोजर प्लान की कवायद हुई तेज

**उत्तरकाशी।** वर्ष 2010 से बंद पड़ी एनटीपीसी की लोहरी नाग पाला परियोजना का क्लोजर प्लान की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए एनटीपीसी ने 37 करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी है। इस में 32 करोड़ की लागत से उत्तरांचल जल विद्युत निगम गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में आधी अधुरी सुरंगें और डैम क्लोजर व सुरक्षा उपाय कार्य शामिल है। गंगोत्री नेशनल हाईवे के डबरानी में लोहरी नाग पाला परियोजना के डैम क्लोजर कर भागीरथी नदी को पुराने स्वरूप पर लाया जाना है। जिससे गंगोत्री हाईवे क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। वहीं पांच करोड़ रुपए वन विभाग को पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिए दिया जा रहा।

# भागीरथी नदी में आया लाखों टन मलबा

## धराली आपदा के तीन महीने बाद भी नहीं बना मलबा निस्तारण का एक्शन प्लान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** भागीरथी घाटी में गंगोत्री से उत्तरकाशी के करीब 100 किलोमीटर क्षेत्र के लिए इको सेंसेटिव जोन अभिसाप साबित हुआ है। इस घाटी में इको सेंसेटिव जोन के बंदिशें के चलते तमाम विकास कार्य लटके हुए हैं। इस में सबसे बड़ी आफत पांच अगस्त को धराली में खीरगंगा, समेत दर्जनों गदेरों से लाखों टन मलबा भागीरथी नदी में आ गया है। जिससे गंगा नदी का जल स्तर करीब चार मीटर ऊंचा उठा गया है। जिससे इस क्षेत्र में ईको सेंसिटिव जोन की बंदिशें के कारण जिला प्रशासन और सरकार खनन विभाग से ड्रेजिंग नहीं करवा पा रही। गौरतलब है कि भागीरथी घाटी में करीब 80 किलोमीटर क्षेत्र में मानसून सीजन में आये लाखों टन मलबा नहीं निकाला जाता तो पुनः आफत ला सकता है। बता दें कि



भागीरथी घाटी धराली से उत्तरकाशी तक भागीरथी नदी का तल करीब चार मीटर ऊंचा उठा हुआ है इस में ड्रेजिंग कर नदी के तल को गहरा करने और गाद को हटाने की जरूरत है। इससे न सिर्फ सरकार का रैवन्यू बढेगा बल्कि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बनने में भी मदद मिलेगी। जिससे भागीरथी नदी से लगे मुखवा, बगोरी, झाला समेत गंगोत्री हाईवे समेत बस्तियों को सुरक्षा मिलेगी। यूं तो सरकार नदियों में बाढ़ को रोकने, जलमार्गों को गहरा करने और नदी के कटाव को कम करने के लिए ड्रेजिंग करवाती है। ड्रेजिंग का उपयोग नदियों से गाद, मलबा और अन्य जमाव को हटाने के लिए किया जाता है, जिससे पानी का प्रवाह बेहतर होता है और जलमार्गों में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होता है। यह भंडारण क्षमता को भी बढ़ाता है। इधर सहायक भूवैज्ञानिक एवं खान अधिक प्रदीप कुमार ने बताया कि इको संसेटिव जोन में होने के कारण ड्रेजिंग का उपयोग नहीं किया सकता।

# रोहित शर्मा की सेंचुरी, कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत



● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया, हर्षित को 4 विकेट सीरीज में 2-1 से हारे

**सिडनी, वार्ता।** हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121 ) व कोहली (नाबाद74 ) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया।

237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया।

यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है। उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38-3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121 ) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74 ) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहमम्द सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स(24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप तथा नेथन (16) को प्रसिद्ध ने आउट किया। हर्षित ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर हेजलवुड (शून्य) को आउटकर किया।

## जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन बाएं हिस्से में अकड़न के कारण रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि काइल को आज (शनिवार) गेंदबाजी करने के बाद अपनी बांयी ओर थोड़ी अकड़न महसूस हुई और हम गर्मियों के इस स्टेज पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। हमें लगा कि उसके लिए इस वनडे सीरीज से बाहर रहना और खुद को वेस्टइंडीज टूर के लिए तैयार करने का सबसे अच्छा मौका देना बेहतर होगा।

## रोहित वनडे में 100 कैच लेने वाले क्लब में शामिल

● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान रोहित ने यह उपलब्धि हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 100 से ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं, जिससे एक क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी कुशलता का पता चलता है। उन्होंने आज सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

भारत के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों की सूची में विराट कोहली (163), मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) भी शामिल हैं। रोहित का प्रभाव मैच में पूरी तरह से दिखा, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण कैच लपके। 37.4वें ओवर में, हर्षित राणा ने मिशेल ओवेन को एक तेज लेंथ की गेंद फेंकी, जो पीछे हटकर गेंद को किनारे से पहली स्लिप में ले गए। रोहित ने कैच को आसानी से पकड़ लिया, जिससे राणा को तीन ओवर में अपना दूसरा विकेट मिला। बाद में, 43.5वें ओवर में, प्रसिद्ध कृष्णा ने नाथन एलिस को धीमी यॉर्कर गेंद फेंकी, लेकिन वह लो फुल-टॉस में बदल गई। एलिस ने स्लॉग करने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और रोहित ने मिड-विकेट पर एक आसान कैच लपका।

### रोहित शर्मा ने जड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी आलोचनाओ को विराम देते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक जड़ा। यह उनके एकदिवसीय करियर का 33वां शतक है। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने 21वें ओवर की चौथी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। ये उनका इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्द्धशतक था। इससे पहले एडिलेड में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की खबरा लेते हुए अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पचासवां शतक पूरा किया। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 12, एकदिवसीय में 33 और टी-20 में पांच शतक बनाये है। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में यह कारनामा करने अकेले बल्लेबाज है। उन्होंने 105 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाये। उन्होंने एडम जम्पा की गेंद पर एक रन लेकर अपने एकदिवसीय करियर का 33वां शतक पूरा किया।

## नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है: रोहित शर्मा

● प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को मैच विजयी नाबाद शतकीय पारी खेले वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित ने कहा कि यहां आकर खेलना हमेशा अच्छा लगता है।

2008 की यादें अब भी ताजा हैं। पता नहीं हम दोबारा ऑस्ट्रेलिया आएंगे या नहीं। हम क्रिकेट का आनंद उठाते हैं, चाहे हमें कितनी भी उपलब्धियां क्यों न मिलें। हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की थी। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। पिछले 15-17 साल को भूल कर एक नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि आप ऑस्ट्रेलिया में मुश्किल परिस्थितियों की उम्मीद करते हैं। आपको कुछ बेहतरीन गेंदबाजो का सामना करना पड़ता है। चीजो को समझते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होता है। मैं लंबे समय से खेल से दूर था लेकिन मैंने तैयारी काफी अच्छी तरह से की। इससे थोड़ा आत्मविश्वास आया है। हम सीरीज जीत नहीं सके, फिर भी कई सकारात्मक चीजे हैं। युवा टीम है, उनके लिए बहुत कुछ सीखने को होगा। जब मैं टीम में आया था, मुझे याद है कि सीनियर्स ने कैसे हमारी मदद की थी, अब यह हमारा काम है कि हम भी वैसा ही करें।

## एशियन यूथ गेम्स में ओशिन व एडविना ने जीते रजत पदक

● ओशिन अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मी.का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही

**बहरीन, वार्ता।** भारत की ओशिन ने (डिस्कस थ्रो) और एडविना जेसन (400 मीटर) ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में रजत पदक जीते। बहरीन नेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को खेलते हुए ओशिन ने अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही और चीन की शिनई वांग ने 55.38 मीटर की थ्रो के साथ डिस्कस थ्रो का स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की युन-झेन शिह ने नौ एथलीटों के बीच 43-00 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। ओशिन ने पूरी सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, अपने छह थ्रो में से पांच में 40 मीटर का मार्क पार किया। वांग ने 50 मीटर से ज्यादा के लगातार प्रयासों से इस स्पर्धा पर दबदबा बनाए रखा। एशियन यूथ रिकॉर्ड 60.50 मीटर है, जो चीन की लियांग यान के नाम है। इस बीच एडविना जेसन ने बाद में दिन में लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में 55.43 सेकंड के समय साथ रजत पदक जीता। अमेरिका की आयशा तारिक ने 54.26 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीनी ताइपे की चिया-यिंग वू ने 56.60 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत की तन्नू 58.49 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहले दिन में, पलाश मंडल ने लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 24:48.92 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के हाओजे झांग ने 21:43:82 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और उनके हमवतन युजी लू ने 22:28:64 के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के नितिन गुप्ता के नाम लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 19:24:48 का एशियन यूथ रिकॉर्ड है, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। लाइट्स में लड़कों की हाई जंप में, भारत के जुबिन गोहेन ने 2.03 मी. क्लियर करके कांस्य पदक जीता, वह चीनी ताइपे के काई-लुन से ठीक पीछे रहे।

खेल विशेष

## भारत विश्व कप ग्रुप चरण में जीत से अभियान समाप्त करने को तैयार

**नवी मुंबई, वार्ता।** आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला टीम कल डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में बांग्लादेश महिला टीम से भिड़ेगी। यह आखिरी लीग मैच है, लेकिन इस दिन के लिए शांत रहने की उम्मीद न करें। पिछली हार से आहत मेजबान टीम अब लय में लौट आई है और ग्रुप चरण का अंत शानदार तरीके से करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष किया है।

छह मैचों में से केवल एक जीत के साथ वह तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। जज्बा? हां। निरंतरता? बिल्कुल नहीं। वे कोशिश करेंगे, संघर्ष करेंगे, लेकिन इतिहास उनके पक्ष में नहीं है क्योंकि भारत ने उन्हें वनडे में आठ में से सात बार हराया है। स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ रही हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने एक अनुशासित और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। बांग्लादेश की नजरें सोभना मोस्तरी, शर्मिन अख्तर, निगार सुल्ताना और राबेया खान पर होंगी जो कोई सरप्राइज देंगी, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। डीवाई पाटिल की पिच स्ट्रोक्स खेलने के लिए अनुकूल है।

यहां बल्लेबाजी काफी अच्छी हो सकती है, हालांकि बीच के ओवरों में स्पिनरों का बोलबाला रहेगा। लेकिन बारिश के कारण इस मैच पर खतरा मंडरा रहा है, कल दोपहर भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है, कोई भी रुकावट टीमों को अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकती है। अच्छी फॉर्म में, आत्मविश्वास से भरी और स्पष्ट मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ, भारत से बांग्लादेश को आसानी से हराने की उम्मीद है। मेहमान टीम के लिए यह दिन गर्व से खेलने, एक शीर्ष टीम के खिलाफ खुद को परखने और सिर ऊंचा करके विदा लेने का होगा।

## लक्ष्य ने टॉप सीड खिलाड़ी को चौंकाया



● अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टरफाइनल में थाइलैंड की ललिता को 11-21, 21-16 व 21-19 से हराया

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में चल रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को नए मुकाम पर पहुंच गया, जहां पांच भारतीय शटलरों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और पदक भी पक्के किए। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य राजेश का रहा, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की ललिता सत्तायाथाकून को 11-21, 21-16, 21-19 से हराकर जबरदस्त वापसी की। उनकी जीत ने भारतीय दल के लिए एक शानदार ऑल-राउंड दिन का समापन किया, जो अब कई सेमीफाइनल श्रेणियों में खेल रहा है। लक्ष्य के साथ अंतिम चार में छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी पहुंच गईं, जिन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में, जगशेर सिंह खंगुरा ने हांगकांग के झान शिंग युई को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। भारत ने युगल वर्ग में भी अपनी प्रगति का जश्न मनाया, जहां जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश किया। दोनों आयु वर्गों में पांच सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत के युवा शटलरों ने अब तक के अपने सबसे यादगार महाद्वीपीय अभियानों में से एक का प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**रांची।** दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (सैफ) के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार से शुरु हुई दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) 2025 के पहले दिन पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल और अखिल भारतीय पुलिस चैंपियनशिप 2024 के विजेता प्रिंस कुमार ने 14:22:17 का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीलंका के वक्षण विकनराज ने (14:23:21) और नेपाल के मुकेश बहादुर पाल ने (14:25:54) समय के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में, भारत ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया जब संजना सिंह (15:38:70) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन सीमा (15:40:55) ने रजत पदक जीता, जिससे मेजबान टीम पहले-दूसरे स्थान पर रही। समरदीप सिंह गिल ने पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में 19-59 मीटर की थ्रो के साथ खिताब जीता, जबकि हमवतन रवि कुमार ने 17.95 मीटर के साथ रजत और श्रीलंका के मिथुनराज ने 14.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में योगिता ने 15.85 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन शिक्षा ने 15.83 मीटर के थ्रो के साथ रजत और श्रीलंका की चंद्रशेखर ओविने ने 13.03 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। राशिद, नीरू पाठक, मोहम्मद अशफाक, ओलिम्बा और स्टेफी की भारतीय टीम ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा जीतकर पांचवां स्वर्ण पदक जीता। अन्य परिणामों में, श्रीलंका के योदासिंघेगे चामो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10:30 सेकंड के समय के साथ जीती, जबकि भारत के प्रणव गौरव (10:32 सेकंड) और हर्ष राउत (10:42 सेकंड) ने क्रमश रजत और कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, श्रीलंका ने दबदबा बनाया, जिसमें मोहम्मद यामिक (11:53 सेकंड) और थानुजी अमाशा (11:72 सेकंड) ने स्वर्ण और रजत और भारत की सुदेशना शिवंकर ने 11:78 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की ट्रिपल जंप में श्रीलंका की हेराथ मुदियांस ने 13:36 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की पूर्वा सावंत (13:03 मीटर) दूसरे स्थान पर रहीं।

### विश्व कुश्ती में भारतीय महिला पहलवानों ने जीते पांच कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** सर्बिया में चल रही अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं:- 55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया, इसके अलावा, दो भारतीय पहलवानों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और कल जापानी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी: 53 किग्रा: हंसिका लांबा, 59 किग्रा: सारिका मलिक।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट
E- Mail : eepwdlohaghat@rediffmail.com

पत्रांक :– 1685/1ए0सी0 दिनांक :– 24/10/2025

निविदा सूचना (ई – टेंण्डरिंग)

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 लोहाघाट द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग द्वारा (सिंगल बिड सिस्टम के अन्तर्गत) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 30–10–2025 को सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 (लाख में) | निविदा का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 1 | बिल्दे मडलक मोटर मार्ग में काकड़ी से सागर तक सड़क सुधारीकरण का कार्य। (एस0सी0एस0पी0) | 0.70 | 2500.00+ 18% GST | 06 माह | 120 दिन | केन्द्र /राज्य सरकार के विभाग उपक्रम में मार्ग निमार्ण कार्यो हेतु श्रेणीं ''डी'' एवं उच्चतर में पंजीकृत |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट।

कार्यालय ग्राम पंचायत गांधीनगर, रामनगर-नैनीताल।

पत्रांक:- /विविध/ग्राम पंचायत-निविदा/2023-24

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड शासन की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत गांधीनगर में विकास कार्यो हेतु सामग्री क्रय की जानी है। निम्न लिखित सामग्री कार्यस्थल आपूर्ति हेतु बिक्रीकर, आयकर पंजीकृत व अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं दिनांक 12.11.2024 के अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन निविदा-दाताओं या उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं का विक्रय दिनांक 12.11.2025 से दिनांक 12.11.2025 तक अपरान्ह 12:30 बजे तक ग्राम पंचायत गांधीनगर में पंचायत भवन में किया जायेगा।

| क्र. | सामाग्री का नाम | यूनिट | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंन्ट ए0सी0सी0 बिडला | प्रति बैग | 10000.00 | 500.00+18% |
| 2. | ईट अव्वल | प्रति न0 | | |
| 3. | 20 एम0एम0 रोडी | प्रति घन मी0 | | |
| 4. | 40 एम0एम0 रोडी | प्रति घन मी0 | | |
| 5. | सरिया | प्रति किग्रा0 | | |
| 6. | बारीक रेता | प्रति घन मी0 | | |
| 7. | मोटा रेता | प्रति घन मी0 | | |
| 8. | पत्थर | प्रति घन मी0 | | |
| 9. | चादर 22 गेज | प्रति कु0 | | |
| 10. | पाइप जी0आई0 | 15 एम.एम. | | |
| 11. | पाइप | 20 एम.एम. | | |
| 12. | पाइप | 25 एम.एम. | | |
| 13. | पाइप एम0एस | 100 एम.एम. | | |
| 14. | स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी0 | | |

1. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती है।
2. किसी निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण अस्वीकृत करने का अधिकार अधोस्ताक्षरी में निहित होगा।
3. धरोहर राशि एफ0डी0आर0 अथवा एन0सी0सी0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक कराते हुए प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदा दाता के अनुबंध गठन करते समय 10 प्रतिशत पूर्ण जमानत राशि बंधक कराते हुए जमा करनी होगी।
4. निविदा में दर्शायी मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है, जिसमें आपूर्तिकर्ता का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
5. अपूर्ण एवं सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. निविदा के साथ 100.00 रूपये का नाम जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर वैधता की शर्त के साथ 1.00 रूपये की रसीदी टिकट लगा कर आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षरित संलग्न करना आवश्यक होगा।
8. निविदा की सभी शर्ते जी0पी0डब्लू0-9 के अनुसार होगी तथा उसके अतिरिक्त अन्य शर्तें कार्यालय से निर्धारित की जायेगी।
9. बिल भुगतान के समय नियमानुसार आयकर जी0एस0टी0 तथा लेबर सैस 1 प्रतिशत कटौती की जाएगी, इस राशि को कार्यालय में नकद/चैक से जमा कराना होगा।
10. निविदा प्रपत्र जमा करते समय ग्रा0नि0वि0 में पंजीकरण का प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण प्रत्र, अन्तिम वर्ष के कर निर्धारण का ऐसेसमेंट आर्डर व धरोहर राशि प्रपत्र जमा करना होगा।
11. यदि शासन द्वारा निमार्ण कार्य को किसी अपरिहार्य कारणवश कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं, तो केवल आपूर्ति की गयी सामग्री के भुगतान की ही दावेदारी होगी, अवशेष आपूर्ति के सम्बंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
12. अनुबंध की अवधि में अवशेष धनराशि के अवमुक्त न होने की स्थिति में उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत ही भुगतान किया जायेगा। शेष भुगतान अवमुक्त होने के उपरान्त ही हो सकेगा।
13. निविदाएं 01 एक वर्ष हेतु मान्य होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गांधीनगर
वि०ख० रामनगर (नैनीताल)

## रुड़की-देहरादून हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ट्रक पलटा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी-देहरादून हाईवे परएक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें एक ट्रक ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली के ऊपर पलट गया। जिसमे दबकर ट्रैक्टर चालक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई और उसका एक दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार रूडकी-देहरादून हाईवे परएक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यह सड़क हादसा शनिवार सुबह पनियाला गांव के पास देहरादून बाईपास पर आज सुबह हुआ जब एक ईंटें लेकर आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अचानक एक ट्रक पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के नीचे दबने से ट्रैक्टर चालक और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई वहीं सूचना पर गंगनहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य



शुरू किया। पुलिस ने दोनों घायलों को वहां से निकालकर सरकारी

❖ मंगलौर से देहरादून की ओर पनियाला गांव के पास हाईवे पर ईंट से भरी ट्रॉली पर अचानक पलटा ट्रक

अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे की टीम भी मौके पर पहुंची और ट्रक, ट्रैक्टर व बिखरी हुई ईंटों को हटवाकर यातायात को दोबारा सुचारू करवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# एमपी पुलिस ने रुड़की से चार जालसाज दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की निवासी एक व्यापारी और उसके साथियों को मध्यप्रदेश पुलिस ने ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जस्ट डायल वेबसाइट के माध्यम से वहां के एक व्यक्ति को प्रोपर्टी में मुनाफा दिलाने के नाम पर पचास लाख की ठगी की थी। आरोपियों से उन्नतीस लाख पचास हजार रुपए बरामद किए है। देवास जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ व्यक्तियों ने अत्यंत कम दर पर जमीन बेचने का झांसा देकर उससे 29 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की है। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और बैंक खातों की जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की क्षेत्र एक होटल में ठहरे हुए हैं। इसके बाद देवास पुलिस की टीम रुड़की में दबिश दी। जिसमें राव अब्दुल मन्नान (तथाकथित नाम-सौरभ कुमार) पिता रशीद उर्फ बाबू निवासी ग्राम पनियाला चंदापुर रुड़की जिला हरिद्वार, शुभम चौधरी उर्फ लाली पिता प्रदीप कुमार चौधरी निवासी गंगा इंक्लेव नियर सलार अस्पताल रुड़की, अकरम पिता खलील और अनुपम गुप्ता तथाकथित नाम आरके अग्रवाल को एक होटल से गिरफ्तार अपने साथ ले गई है।

# कलियर क्षेत्र में विजिलेंस की छापेमारी, तेईस जगह बिजली चोरी पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरो के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, शनिवार को पिरान कलियर में कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।करीब दो- दर्जन जगह पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए टीम की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में बिजली चोरों के बीच हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार विद्युत चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों पर संयुक्त टीम ने कलियर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में सघन जांच अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने कुल 23 बिजली चोरी के मामले पकड़े।ष्पकड़े गए मामलों में, बिजली चोरी करने वालों में कई घरों के साथ-साथ एक जिम में भी बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई है। जिम में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के लिए एसी और अन्य उपकरणों को सीधे मेन लाइन से जोड़ा गया था। विजिलेंस की टीम ने सभी मामलों की वीडियोग्राफी भी कराई है।

## संविधान दिवस पर अंबेडकर वाहिनी करेगी कार्यक्रम

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र में राष्ट्रीय संयोजक अंबेडकर वाहिनी राजू विराटिया ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर ज्वालापुर में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम का मुख्य नारा भीख नहीं, भागीदारी चाहिए रहेगा। राष्ट्रीय संयोजक राजू बिराटिया ने बताया कि 26 नवंबर 2025 को मनाए जा रहे संविधान दिवस पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बीपी अशोक कुमार आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## धामी सरकार चली गरीब व किसान के द्वार कार्यक्रम में

# राज्य मंत्री देशराज ने गांव में जाकर सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, राज्य मंत्री स्तर के नेतृत्व में ष्बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविरष् का विधानसभा व ब्लॉक भगवानपुर के 3 गांवो में बहुउद्देशीय शिविर के दौरान कुल 83 शिकायत इस प्रकार प्राप्त हुई है-1.जहाजगढ़ (बालेकी युसूफपुर)-34, 2. कादरपुर (बालेकी युसूफपुर)-15, 3. सरठेडी शाहजहांपुर-34 शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा समाज कल्याण व अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इनमें कई समस्या एक जैसी थी जिसमे 20 समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया, जबकि कुछ जिला स्तर की समस्याएं थीं जिन्हें समाधान हेतु



जिलाधिकारी महोदय व शासन को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना साकार होगा। शिविर में सभी संबंधित रेखीय विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण, ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यगण एवं सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दलित समाज के लोगों ने निकाली रैली, प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देश के अलग अलग राज्यों में दलितों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शनिवार को अनुसूचित जाति के विभिन्न संगठनों के द्वारा जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा।

नगर निगम स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल से शुरू हुआ विरोध जुलूस चन्द्रशेखर चौक, सिविल लाइन मेन बाजार,बस स्टैंड होते हुए तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने कहा विगत दिनों भारत के मुख्य न्यायधीश बीआर गंवई का अपमान करने वाले, हरियाणा के सीनियर आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार का शोषण कर उन्हें आत्महत्या करने के लिए विवश करने, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में अधिवक्ता अनिल मिश्रा द्वारा बाबा भीम राव आंबेडकर का अपमान करने,उत्तर प्रदेश में रायबरेली के युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट पीट कर हत्या करने वालों एवं उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के शिक्षक विनोद कुमार को झूठे केस में फंसा कर जेल में बंद करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन मामलों में सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर समाज जन कल्याण समिति प्रीत विहार के अध्यक्ष बाबूराम ने कहा कि उक्त



मामलों में आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई होनी चाहिए ताकि दलितों के बारे में गलत मानसिकता रखने वाले लोगों को सबक मिल सके। कार्यक्रम में डॉक्टर भीम राव आंबेडकर जन कल्याण उत्थान समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद, इंजीनियर प्रेम सिंह, रूप सिंह दधेडा, रिटायर ब्रिगेडियर पदम कुमार,विनोद जयंत,लक्ष्मी चंद, सोनवीर सिंह, ओमपाल सिंह, श्यामलाल पंचम, नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, शैलेंद्र कुमार, आनन्द कुमार, भोपाल, गंगाराम, एडवोकेट मांगेराम सिंह, सोमपाल सिंह सुनहरा, धर्म सिंह प्रदीप एडवोकेट, बाबूराम, नरेश बर्मन ओमपाल सिंह, सुदेश कुमार, मास्टर योगराज, प्रेम सिंह, केपी सिंह,आदि मौजूद रहे।

## दुकान का गल्ला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**झबरेड़ा।** कस्बे में शिव चौक के पास स्थित एक खाद्य व बीज भंडार की दुकान से किसी अज्ञात द्वारा दुकान का गलला फाडकर उसमें रखे लगभग 21000 रुपए उस समय चोरी कर लिए जब दुकानदार दुकान से कुछ ही दूरी पर स्थित गोदाम से कुछ सामान लेने गया था। दोपहर कस्बे में शिव चौक के पास कस्बा निवासी संदीप सैनी की खाद व बीज की दुकान है संदीप का कहना है कि वह शनिवार दोपहर दुकान से कुछ दूरी पर स्थित गोदाम में कुछ सामान उठाने के लिए गया था। उसी समय किसी अज्ञात द्वारा दुकान का गलला फाड़ कर उसमें रखे लगभग 21000 रुपए चोरी कर लिए।

# प्रशासनिक टीम ने गांव में जाकर बंद पड़ा नाला पुलिस बल के साथ खुलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील प्रशासन ने एक बंद पड़े हुए नल को पुलिस बल के साथ गांव में जाकर आज चालू कराया तो ग्रामीणों ने रात की सांस ली।

नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के आदेश के अनुपालन में ग्राम हसनपुर मदनपुर तहसील भगवानपुर में पिछले एक महीने से बंद पड़े नाले को पुलिस बल ग्राम प्रधान ग्रामीणऊ की सहायता से जेसीबी के द्वारा खुलवा दिया गया था विपक्षीगण नरेश आदि के द्वारा मिट्टी भरकर बंद कर दिया था जिसको जेसीबी मशीन से खुलवा



दिया गया है । नायब तहसीलदार ने बताया कि उक्त नल बंद होने से गांव वालोंके लिए बड़ी परेशानी हो रही थी जल निकासी से लेकर और अन्य मसलों पर कर्मवीर समस्या थी जी भागवत लगातार ग्रामीण शिकायत कर रहे थे अब ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रधान को साथ लेकर बंद पड़े नल को जेसीबी द्वारा मिट्टी निकाल कर चालू कराया गया।

## मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अन्तर्गत

# मंडावर में कार्यशाला आयोजित महिलाओं को मिली उद्यम की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विकासखंड ग्राम पंचायत मंडावर में मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों को उद्यम से जोड़ना और उन्हें बैंक से ऋण लेकर छोटे उद्योग स्थापित करने में सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना और सरकार द्वारा संचालित अन्य परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी व दी जाने वालीं सेवाओं के बारे में बताया गया। ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के बारे में ब्लॉक परियोजना ने महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी, जिससे वे परियोजना के लाभों को समझ सकें। कार्यशाला के दौरान, परियोजना की सेवाओं हेतु प्रतिभागियों का नामांकन भी किया गया, ताकि वे योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की पायल, लाइवलीहुड कॉर्डिनेटर कादम्बरी, एनआरएल ठडड, केलास, आई पी आर पी उषा, रीना, मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के बिजनेस प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्सपर्ट राव आशकर, सीएलएफ स्टाफ, सीएलएफ के बीओडी सदस्य और सामुह महिला एवं ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित थे। इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपनी आजीविका को बेहतर बनाने व व्यवसाय को नई दिशा के लिए एक सशक्त मंच मिला है।

## बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करने की मांग

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर वार्ड तीन के सभासद नाजिम त्यागी ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी हरिद्वार को पत्र लिखकर क्षेत्र के मुख्य मार्ग और पुल पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराने की मांग की है। नाजिम त्यागी ने अपने पत्र में बताया कि पिरान कलियर एक विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। जहां देश-विदेश से हजारों जायरीन आते हैं। मुख्य मार्ग और पुल पर स्ट्रीट लाइटें काफी समय से बंद हैं जिसके कारण रात के समय क्षेत्र में गहरा अंधेरा रहता है।और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि अंधेरे में आए दिन चोरी, दुर्घटनाएं और असुरक्षा की आशंका बनी रहती है।जिससे जायरीनों और स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे प्रकाश पर्व के समय पूरे प्रदेश में रोशनी की सजावट की गई थी। वहीं पिरान कलियर जैसे धार्मिक स्थल पर अंधेरा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कर चालू कराया जाए।

# ग्राम प्रधान पर लगाया करोड़ों के घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नारसन ब्लॉक के गाँव नगला ऐमाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमे गाँव के ग्रामीणों ने आर टी आई के माध्यम से सूचना माँगी तो एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है ग्रमीणों की अगर माने तो ग्राम प्रधान सीमा देवी ने पूरे गाँव मे मौसमी सड़को ,शमशान घाट के निर्माण और अमृत वाटिका बनाये जाने के नाम पर 2 से ढाई करोड़ रुपये का घोटाला कर लिया जबकि जो निर्माण इन्होंने दर्शा कर रुपये निकाले है वह धरातल पर मौजूद नही है इसी मामले को लेकर ग्रामीणों ने जब सूचना के अधिकार में जानकारी लेनी चाही तो उन्हें नारसन ब्लॉक के अधिकारियों ने पूर्ण रूप से जानकारी नही दी और जो थोड़ी बहुत जानकारी दी भी गई तो उसमें किसी भी पॉइंट की सप्रष्ठ जानकारी अंकित नही है। वही जब नारसन ब्लॉक के ए डी ओ पंचायत बलराज सिंह से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी होने से साफ इनकार करते हुए कहा इस मामले वह अब जाँच कराएंगे जिसके बाद ही कुछ भी स्पष्ट तौर पर बता पायेंगे ग्रामीण परवीन सैनी, कमल कुमार, आकाश सैनी, मोल्लाहड़ (पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया कि आरटीआई के द्वारा मांगे गई सूचना सेखुलासा हुआ है कि जिस जगह पर विकास की बाबत कहा गया है वहां घपला ही पाया गया है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ईशा का आचरण ठीक ना होने व परिवार छोड़कर अलग रहने के कारण मैंने अपनी पुत्री ईशा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद ईशा के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बाबूराम पुत्र शंभू नि. ग्राम दाबकी कला थाना व तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

## नीलगाय से टकरा कर दो बाइक सवार गंभीर

**झबरेड़ा।** ग्राम शेरपुर के पास सड़क पार कर रही नील गाय की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को कस्बे में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। ग्राम भनेड़ा निवासी अफजल अपने चाचा के लड़के फैजल के साथ बाइक से लखनौता होते हुए झबरेड़ा आ रहे थे ।ग्राम शेरपुर के पास मुख्य सड़क पार कर रही नीलगाय की टक्कर उक्त बाइक सवारो के साथ होने से बाइक सवार सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए ।घायल फैजल का कहना है कि नीलगाय सड़क पर उनके ऊपर को कूद गई। नील गाय का पैर उन्हें लगने के कारण वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। कुछ देर उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। घायलों को वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा कस्बे में इलाज हेतु डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया ।घायलों के परिजनों के आने पर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# महिला भिखारी के पास मिले एक लाख रुपए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर में उस समय लोग दंग रह गए जब एक महिला भिखारी के पास से करीब एक लाख रुपए की रकम बरामद हुई। महिला ने पैसे कूड़ेदान में छिपाये हुए थे। वहीं फिलहाल पैसे और महिला की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पठानपुरा से एक दिव्यांग महिला भिखारी जो कि दिमागी रूप से भी कमजोर बताई गई है वह लगभग13 वर्षो से एक मकान के बाहर रहती थी बीते रोज मोहल्ले के लोगों ने उसे वहां से हटाने का प्रयास किया तो कूड़ेदान के पास रखे कुछ कट्टे उसने अपने पास छिपा लिए। सुबह से शाम तक महिला उन कट्टों को अपने पास चिपका कर बैठी रही। लोगों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी तलाशी ली तो उसके झोले से काफी रकम बरामद हुई जिसमें काफी संख्या में नोट और रोजगारी बरामद हुई। लोगों ने उसकी गिनती शुरू की। बरामद हुई राशि लगभग एक लाख रुपये बताई गई है। लोगों ने पुलिस को सूचना दी हालांकि पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा और इसके पास से बरामद रुपयों को किसी मौजिज व्यक्ति को सौंप दी जाएगी। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी नोटो की लगातार गिनती की जा रही है।

## शाकुंभरी देवी श्रद्धालुओं की यात्रा बस को

# कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता ने किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गणपति विहार से श्रद्धालुओं की एक बस शनिवार दोपहर मां शाकंभरी यात्रा के लिए रवाना हुई। श्रद्धालु वहां माता के दर्शन के साथ जागरण में भाग लेंगे। गणपति विहार स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर से यात्रा का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की आरती के साथ हुआ। समाज सेविका पूजा गुप्ता व कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता एवं मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रमेश शर्मा ने मां शाकंभरी के जयकारे के साथ किया। पूजा गुप्ता एवं सचिन गुप्ता ने कहा कि इस तरह के धार्मिक स्थलों पर यात्रा करने से सनातन धर्म को बढ़ावा मिलता है साथ ही धर्म की भावना से आने वाली प्रेरित होती है। मंदिर के मुख्य पुजारी रमेश शर्मा ने बताया कि गणपति विहार कॉलोनी के निवासियों की काफी इच्छा थी कि मां शाकुंभरी देवी की यात्रा की जाए सती मां भगवती का एक विशाल जागरण मां भगवती के दरबार में जाकर किया जाए। इसी इच्छा के साथ इस विशाल जागरण के लिए गणपति विहार के श्रद्धालुओं की एक बस रवाना हुई है। इस अवसर पर प्रताप चौधरी, डॉक्टर



अनिल,एसके वर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, अनिल चौधरी,पूनम शर्मा,कविता चौधरी, निधि शर्मा, रचना, शुभम शर्मा, रितु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएम कॉलेज मे संस्कृति विषय पर स्कैच प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति ने उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित उत्तराखंड की संस्कृति विषय पर स्केच (रेखांकित) प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने कैनवास पर भांति भांति के चित्रों को उकेरा, जिसमें उत्तराखंड के लोक नृत्य, नंदा देवी राजजात यात्रा, पर्यावरण, वेश-भूषा आदि को चित्रित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 13 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की जिसमें शिवानी, प्रिया, आदित्य, सुप्रिया, प्रेरणा, वर्षा, सुभाना, निशात, आयशा, रिया, निधि आदि ने अपनी चित्र कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्रोफेसर्स डॉ इन्दुअरोडा, डॉ अलका तोमर, डॉशिखा जैन, सीमा गुप्ता, डॉ संदीप पोसवाल, डॉ दीपक डोभाल, आदि ने सभी चित्रों की सराहना की। इस कार्यक्रम में चित्र कला विभाग की दीपिका



एवं अंजना सैनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया जाएगा। दो चयनित प्रतिभागियों के चित्रों को राज्य स्तर के लिये भेजा जाएगा। प्राचार्य प्रो डॉ गौतमवीर ने छात्र छात्राओं को शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

# पाक ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार

## खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू बोलेः हमने परवेज मुशर्रफ को 'खरीद' लिया था

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जान किरियाकू ने यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया। किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया। किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं।

उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया। किरियाकू ने कहा कि भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद संयम दिखाया पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं। किरियाकू ने खुलासा किया है कि 9/11 आतंकी हमले का जिम्मेदार और अल कायदा का लीडर ओसामा बिन लादेन तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिलाओं के कपड़े पहनकर भागा था। किरियाकू ने बताया कि उस समय उन्हें यह भी नहीं पता था कि सेंट्रल कमांड के कमांडर के लिए काम करने वाला ट्रांसलेटर असल में अल-कायदा का एजेंट था, जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी। उन्होंने कहा कि हम अफगानिस्तान पर बमबारी शुरू करने से पहले एक महीने से अधिक इंतजार कर रहे थे। अक्टूबर 2001 में हमें लगा कि हमने बिन लादेन और अल-कायदा के नेताओं को तोरा बोरा में फंसा लिया है। हम उन्हें पहाड़ी से उतरने के लिए कह रहे थे। ट्रांसलेटर ने जनरल फैंक्स को आश्वस्त किया कि उन्हें सुबह तक इंतजार करने दिया जाए ताकि महिलाएं और बच्चे सुरक्षित बाहर निकल सकें।




■ हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी
■ अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया

## अमेरिका में एंट्री-एग्जिट के समय हर बार विदेशियों की तस्वीर ली जाएगी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन पालिसी के तहत अमेरिका में अब हर विदेशी की एंट्री और एग्जिट के समय तस्वीर ली जाएगी। यह काम नई फेस रिकग्निशन तकनीक से होगा। इसका मकसद नकली दस्तावेजों को रोकना और देश को सुरक्षित रखना है। अमेरिकी बॉर्डर सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (सीबीपी) ने बताया कि हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और जमीन सीमाओं पर तस्वीरें और जानकारी इकट्ठा की जाएगी। सीबीपी का कहना है कि यह नया सिस्टम आतंकवाद, फर्जी दस्तावेज, वीजा से ज्यादा समय रुकने और गलत जानकारी जैसे खतरों से निपटेगा। यह नियम सभी गैर-नागरिकों पर लागू होगा, चाहे वे अवैध आप्रवासी हों या ग्रीन कार्ड होल्डर्स। यह नियम 2021 में पहली बार सुझाया गया था, लेकिन अब यह ट्रम्प सरकार की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की बड़ी योजना का हिस्सा है।



तमिलनाडु। कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में बारिश के बीच पानी से भरी सड़क के एक ऊंचे हिस्से पर इंतजार करता एक यात्री।

## हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायताकर्मियों को लिया हिरासत में

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों को उनके घरों से हिरासत में लिया है। हूती सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ का यह जानकारी दी।

सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गिरफ्तार सात संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों में से चार को आज रात (शुक्रवार) हिरासत में लिया गया, जबकि बाकी को कल (गुरुवार) गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हंस ग्रंडबर्ग ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों के हिरासत से रिहा होने के बाद 12 संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहायता कर्मियों को सना हवाई अड्डे से विमान से बाहर ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार रिहाई में ईरान और ओमान के विदेश मंत्रालयों की मध्यस्थता की थी, दोनों ही हूती समूह के साथ संबंध रखते हैं।

## वियतनाम नेशनल असेंबली ने दो नए उप प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**हनोई।** वियतनाम की 15वीं नेशनल असेंबली ने शनिवार को 2021-2026 के कार्यकाल के लिए गुयेन ची डुंग और माई वान चिन्ह को उप प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नेशनल असेंबली की 448 प्रतिनिधियों ने पक्ष में मतदान किया जो राष्ट्रीय असेंबली प्रतिनिधियों की कुल संख्या के 93.72 प्रतिशत के बराबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थी। शाही परिवार के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि डॉक्टरों की एक टीम सात सितम्बर, 2019 से अस्पताल में राजमाता के स्वास्थ्य की निंगरानी और उपचार कर रही थी, ने पाया कि वह कई शारीरिक प्रणालियों में कई बीमारियों और असामान्यताओं से पीड़ित थीं, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी।

### चीन में 916 साल पुराना जुनिपर का पेड़ मिला

**शीनिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में एक सर्वेक्षण के दौरान 916 साल पुराने जुनिपरस प्रेजेवाल्स्की पेड़ की पहचान की गई है। इसे आमतौर पर किलियन जुनिपर के नाम से जाना जाता है। स्थानीय वन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। कैदम बेसिन के भीतर बैशुशान में स्थित यह पेड़ अब अपनी प्रजाति का सबसे पुराना पेड़ है। मंगोलियाई-तिब्बती स्वायत्त प्रान्त हाइक्सी के डेलिग्हा शहर के वानिकी और चरागाह ब्यूरो द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण में दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### फ्रांस 2026 में यूक्रेन में तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस।** फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

### श्रीलंका में नशीली दवाओं पर कार्रवाई में दो लाख लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पुलिस मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के विरुद्ध देशव्यापी अभियान चला रही है जिसके तहत एक जनवरी से 22 अक्टूबर के बीच इससे संबंधित अपराधों के लिए 190000 से जयादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रम्प के सीक्रेट दोस्त ने यूएस आर्मी की सैलरी दी

■ 1100 करोड़ डोनेशन दिया शटडाउन की वजह से अमेरिकी सरकार के खजाने खाली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने बताया कि उसने सैनिकों की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर (लगभग 1100 करोड़ रुपये) का एक सीक्रेट डोनेशन स्वीकार किया है। यह डोनेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अनजान 'दोस्त' ने दिया है, ताकि सरकारी शटडाउन के दौरान सैनिकों को तनख्वाह मिल सके।

हालांकि इस डोनेशन से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस डोनेशन की बात बताई और दानदाता को देशभक्त कहा। उन्होंने दानदाता का नाम नहीं बताया, क्योंकि वह अपनी पहचान छुपाना चाहता है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन को 25 दिन हो गए हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने कहा कि यह पैसा सैनिकों के वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर सैनिकों का वेतन रोकने का इल्जाम भी लगाया।

## अमेरिकी कार्रवाई में ड्रग तस्कारी में शामिल नाव डूबी, छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार सुबह बताया कि कैरिबियाई सागर में रात भर चली अमेरिकी सेना की कार्रवाई में ड्रग तस्करी में शामिल एक नाव डूब गई जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। सितम्बर के बाद इस दसवीं अमेरिकी कार्रवाई में मरने वालों की संख्या 40 से अधिक हो गई है। हालांकि यह किसी संदिग्ध मादक पदार्थ जहाज पर रात में किया गया पहला हमला था। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस नाव में मादक पदार्थ थे और वह नाव ऐसे मार्ग से गुजर रही थी जिसे तस्कर इस्तेमाल करते हैं। यह क्षेत्र ट्रेन डी अरागुआ के कब्जे में है जो वेनेजुएला-मूल का कार्टेल है।

## जर्मनी-यूके को छूट, भारत पर निशाना क्यों

### उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन में पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया

**बर्लिन।** रूस से तेल खरीद को लेकर और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की चर्चा के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलाग सम्मेलन में पश्चिमी देशों करारा जवाब दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जर्मनी खुद ही अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांग रहा है और ब्रिटेन को पहले ही मिल चुका है, तो भारत को क्यों निशाना बनाया जा रहा है।

गोयल की ये बात सुनकर वहां मौजूद यूके की ट्रेड मंत्री क्रिस ब्रायंट ने कहा कि उनकी छूट केवल रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी के लिए है। ऐसे में गोयल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पास भी तो रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी है, फिर हमें क्यों? उनकी बात सुनकर बैठक में नेता कुछ देर के लिए चुप रह गए। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है और किसी बाहरी दबाव में समझौता नहीं करेगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब अमेरिका और उसके सहयोगी भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर दबाव बढ़ा रहे हैं। पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने भारत के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर कुल टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। भारत ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण करार दिया है। बता दें कि रूस तेल से खरीद को लेकर अमेरिका लगातार प्रतिबंधों की धमकी दे रहा है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड का मानना है कि भारत जैसे देशों पर दबाव डालने से रूस कमजोर होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर मजबूर होगा, जबकि हाल ही में यूरोपीय संघ ने तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए और अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रासनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए। इस दौरान पीयूष गोयल ने इस बात भी जोर दिया कि भारत हमेशा से ही अपनी स्वतंत्र व्यापार नीति पर चलता है और हमारे लिए हमारा राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी किसी 'डेडलाइन' या 'सिर पर तनी बंदूक' के दबाव में समझौता नहीं करेंगे। गोयल ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर कोई टैरिफ लगाए, तो लगाए। हम नए बाजार खोज रहे हैं, घरेलू मांग मजबूत कर रहे हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित कर रहे हैं। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, 1.4 अरब युवा देश की ताकत हैं, और देश किसी दबाव में आकर कमजोर या अल्पकालिक सौदे नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या समयसीमा में व्यापार समझौते नहीं करेगा।

■ भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है: गोयल



## रंगून से दिल्ली लाई जाएं बहादुर शाह जफर की अस्थियां: बदरे आलम

### अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर।** बहादुर शाह जफर की अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा गया। बहादुर शाह जफर के 251 वीं जयंती पर तहसील शोहरत गढ़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन अध्यक्ष बदरे आलम की अगुवाई में भारी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन में मांग किया गया कि 1857 के जंग-ए-आज़ादी के सर्वोच्च सम्राट बहादुर शाह ज़फर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव अवशेषों को सम्मान पूर्वक रंगून से लाकर दिल्ली लाया जाए और यहां उनका भव्य राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। लाल किला पर बहादुर शाह जफर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाये और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बहादुर शाह जफर के नाम पर किया जाये। बहादुर शाह जफर के त्याग एवं बलिदान को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां आज़ादी में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को स्मरण कर सकें। देश की आजादी में मुग़ल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के योगदान और उनकी कुर्बानी को देश के महान नेताओं ने महसूस और स्वीकार किया है। इसका उदाहरण है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, डा. मनमोहन सिंह, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज सहित म्यांमार जाने वाला हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल महान सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं म्यांमार यात्रा के दौरान ऐसे महान सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर पहुंच कर वहां की सरकार को पचास हजार रुपये मजार की देखभाल के लिए दान किया था और मजार स्थल से ही दिल्ली चलो का नारा भी दिया था। बदरे आलम ने 1857 के क्रांतिकारी बहादुर शाह जफर पर आधारित पुस्तक एसडीएम को भेंट की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष काजी सुहैल अहमद, कैलाश नाथ बाजपेयी, दीपक यदुवंशी, अतहर अलीम, राममिलन भारती, दीपक राजभर, श्यामलाल शर्मा, हरिराम यादव, अनिरूद्ध पाठक, मोहम्मद असलम, सनाउल्लाह, अकबर, हाफिज एजाज अहमद, सबरे आलम, तारिक शानी आदि लोग मौजूद रहे।

## पेंटागन लैटिप अमेरिका में भेज रहा है विमानवाहक पोत

**वाशिगटन।** अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में अमेरिकी सेना गेराल्ड आर-फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और एम्बार्क्ड कैरियर एयर विंग को देश के दक्षिणी कमान के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में भेज रही है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की।

पेंटागन ने कल घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में एक विमानवाहक पोत भेज रहा है। यह उस क्षेत्र में सैन्य शक्ति में नवीनतम वृद्धि है, जहां ट्रंप प्रशासन ने हाल के दिनों में उन नौकाओं पर और भी तेजी से हमले किए हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी दक्षिणी कमान के दायित्व क्षेत्र में मेक्सिको के दक्षिण में लैटिन अमेरिका का भूभाग, मध्य और दक्षिण अमेरिका से सटे जलक्षेत्र और कैरिबियन सागर शामिल हैं। पार्नेल ने कहा कि यह तैनाती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश के अनुरूप की गई है। वह चाहते हैं कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) को खत्म करें और नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि ये बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और टीसीओ को कम करने तथा खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। स्थानीय विश्लेषक इस कदम को इस बात का संकेत मान रहे हैं कि ट्रम्प प्रशासन अपने कार्टेल-विरोधी अभियान का विस्तार करना चाहता है।

## रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। जिसमें रोस्तोव में 20, वोल्गोग्राड में 19, ब्रांस्क में 17, कलुगा में 12, स्मोलेंस्क में 11, बेलगोरोड और मॉस्को में नौ-नौ, वोरोनिश और लेनिनग्राद में आठ-आठ, नोवगोरोड, रियाज़ान और तांबोव में दो-दो, और त्वेर और तुला में एक-एक ड्रोन को हवा में मार गिरया। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवतः बाद में। उन्होंने कहा कि बैठक रद्द होने के बजाए स्थगित होना बेहतर होता।

## वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

### सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा, वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें तैनात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट आपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। अमेरिका के खिलाफ रूसी मिसाइलें तैनात वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मदुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। यूएएस जेराल्ड आर फोर्ड एक न्यूक्लियर-पावर्ड एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है।




■ ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई

## एलएनए ने अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को रिहा किया

**त्रिपोली।** पूर्वी लीबिया पर नियंत्रण रखने वाली लीबियाई राष्ट्रीय सेना (एलएनए) ने सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरिया के नागरिकों को रिहा कर दिया है। एलएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को 16 महीने पहले नाइजर के एक सशस्त्र समूह ने अपहृत कर लिया था। एलएनए के युद्ध सूचना प्रभाग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि लीबिया-नाइजीरियाई सीमा से लगभग 180 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम लीबिया में अल-कतरुन के पास एक गैरकानूनी सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को बचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी





**मुंबई।** जंगली पिक्चर्स ने इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। फिल्म हक को जंगली पिक्चर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यामी गौतम धर और इमरान हाशमी के नए जारी किए गए किरदार पोस्टर हक की दुनिया की एक दमदार पहली झलक देते हैं। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म हक का निर्माण किया है।

यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहा. सिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसका निर्देशन सुपर्ण एस- वर्मा ने किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। फिल्म हक 7 नवम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सायमी ने रोमन हॉली-डे को बनाया एक यादगार मैराथन अनुभव

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेती सायमी खेर ने अपने रोमन हॉलीडे को यादगार मैराथन अनुभव बनाया और रोम 2025 मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेत्री और फिटनेस लवर सायमी खेर ने इस बार अपनी छुट्टियों को दो खुशियों के साथ जोड़ा, परिवार के साथ वक्त बिताना और दौड़ना।

अपनी फिटनेस और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स के प्रति जुनून के लिए जानी जाने वाली सायमी इस बार अपने माता-पिता और बहन के साथ छुट्टियां मनाने रोम पहुंची। रोम की खूबसूरत गलियों, इतिहास और खाने का मज़ा लेते हुए उन्होंने हाफ रोम मैराथन में हिस्सा लेने का मौका भी नहीं छोड़ा। सायमी पहले भी आयरनमैन ट्रायथलॉन और कई लंबी दूरी की दौड़ों में भाग ले चुकी हैं। वह हमेशा कहती हैं कि फिटनेस उनके लिए सिर्फ एक रूटीन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यात्रा के दौरान भी वह किसी न किसी रूप में एक्टिव रहना पसंद करती हैं और इस बार उनकी यह कोशिश उनके परिवार के साथ एक खूबसूरत याद में बदल गई। सायमी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी शहर को देखने का सबसे अच्छा तरीका है उसके बीचोंबीच पैदल दौड़ना-उसकी गलियों से होकर, उसकी ऊर्जा को महसूस करते हुए।

जब भी मैं किसी नए शहर में जाती हूं, कोशिश करती हूं वहां एक हाफ मैराथन दौड़ लूं। यह मेरा पसंदीदा तरीका है किसी जगह को जानने का। रोम की दौड़ अब तक की सबसे खूबसूरत रन रही। स्पेनिश स्टेप्स से लेकर ट्रेवी फाउंटेन और अंत में कॉलेजियम तक, ऐसा लग रहा था जैसे किसी पोस्टकार्ड के अंदर दौड़ रही हूं। मौसम बेहत. रीन था, हवा में ठंडक थी और हर मोड़ पर इतिहास बोल रहा था।

कई बार तो भूल गई कि मैं रेस में हूं-बस मुस्कुराते हुए दौड़ती रही और सब महसूस करती रही और 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद वो पिज्ज़ा और जेलाटो का हर बाइट वाकई डिज़र्व करती थी। सायमी के लिए यह रोम ट्रिप सिर्फ सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रही। यह उनके रनिग के जुनून और परिवार के साथ बिताए अनमोल पलों का संगम थी। परिवार और फिटनेस, दोनों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए, वह लगातार अपने चाहने वालों को एक एक्टिव, खुशहाल और प्रेरणादायक जीवन जीने की प्रेरणा देती रहती हैं - चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों।

# एस.एस. राजामौली की बाहुबली फिर से दिखेगी सिनेमाघरों में



**मुंबई।** जानेमाने फिल्मकार एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एस. एस. राजामौली की फिल्म बाहु. बली सिनेमाघरों में लौटने को है तैयार है। फिल्म बाहुबली का ट्रेलर अब रिलीज़ हो चुका है, और देश फिर से उस खुशी में डूब गया है, जिसे सिर्फ यह फिल्म ला सकती है। दर्शक फिर से उस भव्यता और भावनाओं को महसूस कर रहे हैं, जिसने एक युग को खास बनाया था और 31 अक्टूबर को फिल्म के ग्रैंड री-रिलीज़ के लिए उत्सुकता अपने चरम पर है। यह ऐसा दिन है जब यह फिल्म देश के सिनेमाघरों में दोबारा दिखाई जाएगी। भारतीय सिनेमा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखी गई फिल्म, बाहुबली ने कहानी कहने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता की परिभाषा ही बदल दी। इसकी फिल्मी महानता और बड़े सांस्कृतिक प्रभाव ने पैन-इंडिया फिल्मों का दौर शुरू किया, जिससे केजीएफऔर पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए रास्ता बना। अपनी शानदार तस्वीरों और जबरदस्त कहानी के साथ, बाहुबली सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा की असीम संभावनाओं का जश्न है। जहां शोले सबसे लंबी चलने वाली फिल्मों में से एक है, वही बाहुबली 2 अब भी सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस हिट्स में से एक है और ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जो आज भी टूटना मुश्किल हैं।




# कृति खरबंदा ने हाउसफुल 4 की सालगिरह पर जताई खुशी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने फिल्म हाउसफुल 4 की छठवीं सालगिरह पर खुशी जताई है। कृति खरबंदा ने अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 4 की छठवी सालगिरह पर यादों के सफर में एक मनमोहक यात्रा को याद करते हुए अपने सोशल मीडिया स्टोरी पर अपने सह-कलाकारों अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और कृति सेनन के साथ न सिर्फ एक पोस्ट शेयर किया है, बल्कि फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दिल से आभार भी व्यक्त किया है। कृति ने अपनी स्टोरी पर एक यादगार तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ओएमजी। वापस आ गई एनिवर्सरी। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिवाली के दौरान रिलीज हुई फिल्म हाउसफुल 4 आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल कॉमिक फिल्मों में गिनी जाती है, जो विशेष रूप से अपनी पुनर्जन्म की कहानी, शानदार सेट और हंसी से भरपूर पलों के लिए दर्शकों की मोस्ट फेवरेट फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में कृति खरबंदा ने राजकुमारी मीना और नेहा के किरदार में दोहरी भूमिका निभाते हुए अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिग और आकर्षक ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से काफी तारीफें बटोरी थी। कृति खरबंदा उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने चार्म के बल पर कम समय में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है, उनकी फिल्मों का इंतजार है।

## थामा की सफलता हमारे लिए किसी दिव्य रोशनी से कम नहीं: आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड के आयुष्मान ने अपनी हालिया रिलीज़ थामा की सफलता पर एक भावनात्मक नोट साझा किया है। फिल्म थामा लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों में जगह बना रही है। थामा के साथ आयुष्मान ने मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की ऑरिजिन स्टोरीज़ स्त्री, भेड़िया और मुंज्या में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दी है। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और परेश रावल के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन लिखा, इस परिवार ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ देखा है।

# 31 अक्टूबर से शुरू होगा शाहरुख फिल्म फेस्टिवल



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की कुछ सुपरहिट फिल्म 31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। शाहरुख खान ने जब से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, तब से वह अपने चार्म, बुद्धि और प्यार से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। दो दशक से भी ज्यादा समय से उन्होंने आइकॉनिक फिल्में और यादगार किरदार दिए हैं, और आज भी वह बॉलीवुड के बादशाह बने हुए हैं। शाहरुख खान ने एक बड़ा एलान किया है कि 31 अक्टूबर से शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू होगा। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर, अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल का ऐलान किया। उन्होंने लिखा है, मेरी कुछ पुरानी फिल्में दोबारा थिएटर में आ रही हैं। उनमें जो शख्स है, वो ज्यादा बदला नहीं है-बस बाल थोड़े बदल गए हैं और दिल से थोड़ा ज्यादा हैंडसम हो गया है। शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू हो रहा है 31 अक्टूबर से।

# द ताज स्टोरी 31 अक्टूबर को पूरे भारत में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है।

इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं। फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराजू है, जिस पर ताज महल संतुलित है। इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है। द ताज स्टोरी भव्य पैमाने पर 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है।

